तापमान

अधिकतम 27.9 डिग्री

न्यूनतम 15.5 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026



10 अव्यवस्थित निर्माण कार्य देख मूणत नाराज...





12 किसानों को सत्यापन के नाम पर किया जा रहा ...




# 42 परीक्षा केंद्र बंद, वजह-जर्जर भवन, छात्र घटे, कर्मचारी संख्या अपर्याप्त, सूची से हट रहे निजी स्कूल भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

## माध्यमिक शिक्षा मंडल के 2514 केंद्रों में होंगी 10वीं-12वीं की परीक्षाएं

खास खबर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा फरवरी के दूसरे पखवाड़े से प्रारंभ हो रही 10वीं-12वीं की परीक्षाओं के लिए केंद्र निर्धारण संबंधित प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। माशिम इस बार 2514 केंद्रों में यह परीक्षा आयोजित करेगा, जबकि बीते वर्ष बोर्ड परीक्षाओं के लिए 2535 केंद्र बनाए गए थे। माशिम द्वारा इस बार 42 ऐसे स्कूलों को सूची से बाहर किया गया है, जहां पिछली बार परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन्हें बंद करने के पीछे विभिन्न कारण हैं। अधिकर स्कूलों को इसलिए बंद किया गया है कि वहां परीक्षार्थियों की संख्या कम है। इसके अलावा निजी स्कूलों को भी केंद्र सूची से बाहर किया जा रहा है। माशिम की कोशिश है कि अधिकतर केंद्र शासकीय ही हो ताकि पारदर्शिता बनाई रखी जा सके।

कोरबा के सरस्वती हायरसेकंडरी स्कूल का भवन जर्जर होने के कारण इसे सूची से हटाया गया है। भिलाई के इंदिरा गांधी हायर सेकंडरी स्कूल को कर्मचारियों की संस्था कम होने, नारायणपुर के सेंट जोसेफ स्कूल को सीबीएसई संबद्ध होने, सरगुजा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को शाला युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत बंद किया गया। रायपुर के भी आधा दर्जन से अधिक स्कूलों को केंद्र सूची से हटाया गया है। गौरतलब है कि 12वीं की परीक्षाएं 20 फरवरी जबकि कक्षा 10 की परीक्षाएं 21 फरवरी से प्रारंभ होंगी।

### जिलों से मांगी गई थी जानकारी

परीक्षा केंद्र निर्धारण संबंधित प्रक्रिया कई माह पूर्व ही प्रारंभ कर दी गई थी। रायपुर सहित अन्य सभी जिला शिक्षा कार्यालयों से जानकारी मांगी गई थी। बीते सत्र में हुई परीक्षाओं के दौरान जिन केंद्रों में व्यवधान अथवा अन्य किसी भी तरह की समस्याएं उत्पन्न हुई, उनकी सूची मांगी गई। नवीन केंद्र प्रारंभ करने अथवा पुराने केंद्रों को बंद करने संबंधित प्रस्ताव भी मांगे गए। विभिन्न जिलों से प्राप्त प्रस्तावों और पूर्व केंद्रों की समीक्षा के बाद ही यह निर्णय लिया गया। जिन स्कूलों को केंद्र सूची से हटाया गया है तथा जिन्हें जोड़ा गया है, उन्हें भी सूचित कर दिया गया है। तीन केंद्रों को जिला शिक्षा अधिकारी के प्रस्ताव पर ही बंद किया गया है।



### दूसरी परीक्षा भी इन्हीं केंद्रों में

माशिम द्वारा बीते सत्र से वर्ष में दो बार परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। फरवरी-मार्च की परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्रों को एक अन्य मौका मई-जून में दिया जाएगा। प्रथम परीक्षा में प्रत्येक वर्ष औसतन 5 से 6 लाख छात्र शामिल होते हैं। जारी सूची प्रथम परीक्षा के लिए है। दूसरी परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या अपेक्षाकृत कम होती है, इसलिए इसके लिए केंद्र कम बनाए जाते हैं। दूसरी परीक्षा के लिए भी केंद्रों का चयन इन्हीं विद्यालयों में से किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### जिला उपभोक्ता फोरम ने दिया रकम लौटाने का आदेश

**रायपुर।** खाताधारक की बगैर सहमति के किसी दूसरे के अकाउंट में 8.27 लाख रुपए ट्रांसफर करने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। आयोग ने पंजाब नेशनल बैंक को सेवा में कमी का दोषी ठहराते हुए आदेश दिया है कि वह अग्रवाल स्ट्रक्चर मिल्स प्राइवेट लिमिटेड को पूरी रकम 6% सालाना ब्याज के साथ 45 दिन के अंदर लौटाए। इसके साथ ही मानसिक क्षतिपूर्ति 25 हजार रुपए देने का आदेश दिया है। आयोग अध्यक्ष डाकेश्वर प्रसाद, निरुपमा प्रधान और अनिल कुमार अग्निहोत्री की पीठ ने आदेश दिया है। परिवादी के अकाउंट से 5 फरवरी 2016 को इसी खाते से 8 लाख 27 हजार 107 रुपए कंसल संस नामक फर्म के खाते में ईएफटी के जरिए ट्रांसफर कर दिए गए थे।

### अफीम-ब्राउन शुगर जब्त तीन नाबालिग गिरफ्तार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत की ब्राउन शुगर तथा अफीम के साथ तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, तीनों नाबालिग एक्सप्रेस-वे के नीचे मुक्तिधाम के पास अफीम तथा ब्राउन शुगर बेचने ग्राहक तलाश रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने नाबालिगों को घेराबंदी कर पकड़ा। नाबालिग अफीम तथा ब्राउन शुगर कहां से लाए थे, पुलिस उनसे इस संबंध में पूछताछ कर रही है।

### पौने चार किलो गांजा जब्त, महिला गिरफ्तार

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने एक महिला से एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत का पौने चार किलो गांजा जब्त कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांजा तस्करी करने के आरोप में रेशमा नगारिया को गिरफ्तार किया है। रेशमा को पुलिस ने सुभाष नगर में दबिश देकर पकड़ा है। रेशमा के खिलाफ पुलिस को क्षेत्र में बाहरी लोगों को बुलाकर गांजा बेचे जाने की सूचना मिली थी। एक अन्य मामले में पुलिस ने दो तस्कर ढुलढुल तथा मनीष मरकाम के कब्जे से छह किलो गांजा जब्त किया है।

### जोमैटो डिलीवरी ब्वॉय को हेलमेट वितरित



**रायपुर।** ट्रैफिक पुलिस ने फूड डिलीवरी करने वाले जोमैटो ब्वॉयज को हेलमेट वितरित कर उन्हें ट्रैफिक नियमों का पालन करने प्रेरित किया। साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने सभी लोगों को हेलमेट पहनकर दोपहिया वाहन चलाने अपील की है। पिछले वर्ष सड़क दुर्घटना में 621 लोगों की मौत हुई थी। इनमें से 429 दोपहिया वाहन चालकों की मौत सड़क दुर्घटना में हो चुकी है। ट्रैफिक पुलिस ने 105 फूड डिलीवरी ब्वॉय को हेलमेट बांटे हैं।

## सरकारी स्कूलों के बच्चों को मध्यान्ह भोजन का निवाला खिलाने वाले के सामने पेट भरने का संकट

# धरनास्थल के चारों तरफ कच्चे चूल्हे, 18 दिन से खुले आसमां के नीचे रसोई, राशन-पानी खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि लाइव

प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों में छोटे-छोटे बच्चों के लिए रोज भरपेट मध्यान्ह भोजन पकाने वाले रसोइया खुले आसमान के नीचे अंजान शहर में रसोई बनाकर एक दूसरे का पेट भर रहे हैं। नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर इस तरह के सैकड़ों कच्चे चूल्हे से अलग-अलग जिलों से पहुंची मध्यान्ह भोजन रसोइया सीमित साधन में रसोई बना रही हैं।

पिछले 18 दिनों से वे अपने साथ घर से बरतन, कपड़े, दैनिक उपयोगी की सामग्री और राशन पानी साथ लेकर धरना दे रही हैं। हालत ये है कि अब उनका राशन पानी खत्म होने के कगार पर है। ऐसे में रायपुर से नजदीक के जिले वाली साथी उनके लिए कच्चा राशन जुटाने आगे आई हैं। ठिठुरती ठंड में साझा चूल्हा की तर्ज पर धरना स्थल वाली खुली जगह पर इनके चूल्हे से रसोई बन रही है। शुरू में इन्हें पीने के पानी की परेशानी धरना स्थल पर रही, तब तूता गांव के सरपंच से आग्रह कर प्रदर्शनकारी वहीं से पानी भरकर लाते रहे। अब जिला प्रशासन ने धरना स्थल के बिगड़े बोर को ठीक करा दिया है।



### अस्थायी तंबू में ठिठुराने वाली ठंड में रात गुजार रही महिलाएं, बच्चे भी साथ

तूता के धरना स्थल पर बीजापुर, बस्तर, राजनांदगांव, दुर्ग, कांकेर सहित अन्य जिलों से मध्यान्ह भोजन रसोइया अपने तीन सूत्रीय मांग को लेकर डटी हुई है। डोम में जगह कम पड़ने पर वे धरना स्थल के पास खाली जमीन पर अस्थायी तंबू बनाकर वहीं रह रही हैं। ठिठुरते ठंड में बच्चों के साथ रहने में उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। पर तंबू में ही उनकी सुबह से लेकर शाम बीत रही है। रसोई के आग जलाने वे तूता के आसपास से लकड़ियां इकट्ठा कर रोज लाती हैं और भोजन बनाने के बाद वहीं जमीन पर बैठकर एक साथ भोजन कर एक दूसरे का हाल जान रही हैं।





### धरना स्थल से रैली निकालेंगे रसोइया आज

छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन रसोईया संयुक्त संघ के आव्हान पर प्रदेश भर के मध्यान्ह भोजन रसोइए 16 जनवरी को दोपहर 2 बजे से तूता स्थित धरना स्थल से प्रदेश व्यापी रैली निकालेंगी। यह रैली धरना स्थल से अंडरब्रिज तक निकाली जाएगी।

### *2 की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में कराया भर्ती*

*छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन संयुक्त रसोइया संघ के अध्यक्ष रामराज कश्यप ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि उनके दो साथियों की तबियत बिगड़ने से उन्हें अस्पताल में उपचार के लिए ले जाना पड़ा। इनमें कांकेर जिले के भानप्रताप पुर और नारायपुर जिले से आए एक साथी शामिल हैं। रसोइयों की प्रमुख मांग कलेक्टर दर पर मानदेय दिए जाने, छात्र-छात्राओं की दर्ज संख्या कम होने पर रसोइयों को नौकरी से निकालने की प्रक्रिया को तत्काल बंद करने और अंशकालीन मध्यान्ह भोजन रसोइयों को पूर्णकालिक करने की मांग है। उन्होंने दावा कि प्रदेश भर के 87 हजार मध्यान्ह भोजन रसोइया इस आंदोलन में शामिल हैं। जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा।*

## सीजीएमएससी घोटाला में ईडी ने जेल में बंद शशांक चोपड़ा को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीजीएमएससी में 660 करोड़ रुपए के रीएजेंट घोटाला के आरोप में जेल में बंद मोक्षित कार्पोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा को ईडी ने प्रोटेक्शन वारंट में कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने 19 जनवरी तक पुलिस रिमांड हासिल की है। उल्लेखनीय है कि रीएजेंट घोटाले की जांच ईओडब्लू के साथ ईडी भी कर रही है। ईडी ने अपने प्रकरण में शशांक चोपड़ा को पहली बार गिरफ्तार किया है। शशांक ईओडब्लू के प्रकरण में जेल में बंद है।

- पूछताछ करने मिली 19 जनवरी तक रिमांड

शशांक चोपड़ा सीजीएमएससी घोटाले का मास्टरमाइंड है। इसके पूर्व ईडी ने अरबों के घोटाले में पीएमएलए दर्ज करने के बाद 30-31 जुलाई को मोक्षित कार्पोरेशन के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा, उसके रिश्तेदार तथा मिलीभगत में शामिल अधिकारियों के 20 ठिकानों की तलाशी ली थी। अगस्त में ईडी ने शशांक चोपड़ा तथा उसके रिश्तेदारों की 40 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की चल-अचल संपत्ति अटैच की है। अगस्त में की गई कार्रवाई के बाद ईडी ने अब शशांक चोपड़ा से नए सिरे से पूछताछ करने कोर्ट से रिमांड हासिल की है। ऐसे में घोटाला में शामिल अन्य आरोपियों के खिलाफ ईडी आने वाले दिनों में शिकंजा कस सकती है।

## मामूली एक्सीडेंट में चाकूबाजी गुस्से में कार चालक ने युवक पर गाड़ी चढ़ाई, एक की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अभनपुर थाना क्षेत्र के केंद्री के पास बुधवार देर रात मामूली एक्सीडेंट के बाद विवाद बढ़ने पर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। दूसरे पक्ष के युवक ने चाकू से हमला करने तथा विवाद करने वाले लड़कों पर कार चढ़ा दी। कार चढ़ाने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत पर अपराध दर्ज कर मामले की पड़ताल कर रही है। केंद्री में आयोजित मड़ई मेला देखकर लौट रहे कैलाश तिवारी की कार से कुचलने से मौत हुई है। पुलिस के अनुसार ⏭ शेष पेज 11 पर

- चाकूबाजी की घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल, निजी अस्पताल में भर्ती

### विवाद के बीच बदमाशों ने चाकू से किया हमला

एक्सीडेंट की घटना के बाद कैलाश, हेमंत के कार सवार एक अन्य युवक अजय गोंड के साथ विवाद हुआ। इसी दौरान एक बदमाश ने चाकू निकालकर दिलेश, नीलेश तथा चंदन पर चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी में घायल दिलेश पास खड़े अपने दोस्त चंद्रशेखर साहू, दुर्गेश साहू और मनीष साहू को लेने गया। इस दौरान दिलेश तथा उसके साथी ने कार में जाते समय कैलाश को कार से जोरदार ठोकर मार दी।

### घटना में शामिल ज्यादातर पेशे से ड्राइवर

मड़ई मेला के दौरान जिन लोगों के बीच विवाद के बाद चाकूबाजी तथा कार से कुचलने की घटना हुई है, उनमें दिलेश, दुर्गेश, नीलेश, मनीष रायपुर स्थित टिकरापारा के सुभाष नगर के रहने वाले हैं। दो अन्य रिंकू तथा चंद्रशेखर केंद्री के रहने वाले हैं। ⏭ शेष पेज 12 पर

### सुबह रोड किनारे मृत मिला युवक


कार चालकों द्वारा ठोकर मारने के बाद कैलाश के एक साथी ने पास के पेट्रोल पंप में डॉयल-112 को फोन किया। डॉयल-112 की टीम मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंची डॉयल 112 की टीम को मौके पर गंभीर रूप से घायल कैलाश नहीं मिला। दोपहिया सवार अन्य घायलों को डॉयल-112 की टीम ने उपचार कराने अभनपुर के अस्पताल में भर्ती कराया। सुबह रोड किनारे कैलाश मृत हालत में मिला। घटना स्थल की फोरेंसिक जांच कराने के बाद पुलिस सार्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर अपराध दर्ज कर कार्रवाई करने की बात कह रही है।

## हिस्ट्रीशीटर रवि साहू सहित पांच बदमाशों को गांजा तस्करी के आरोप में 10-10 साल कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व गांजा के साथ पकड़ा गया हिस्ट्रीशीटर रवि साहू तथा उसके पांच अन्य साथियों को कोर्ट ने 10-10 वर्ष कैद के साथ एक-एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। गांजा तस्करी के आरोपियों को विशेष न्यायाधीश किरण थवाइत की एनडीपीएस कोर्ट ने सजा सुनाई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार फरवरी 2025 को गांजा जब्त किया था। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार कोर्ट ने कोतवाली निवासी रवि साहू, अनील उर्फ अली जुल्फेकार, संजय उर्फ लेंडी जुल्फेखार के अलावा ओडिशा, बलांगीर निवासी गणेश बागर्ती, विक्रम शाह, प्रियवंत कुम्हार के नाम शामिल है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी ⏭ शेष पेज 11 पर

- जिन आरोपियों को सजा सुनाई गई उनमें तीन ओडिशा के रहने वाले



### रवि के खिलाफ 80 से ज्यादा अपराध

40 साल के रवि साहू के खिलाफ कोतवाली थाने में हत्या, हत्या का प्रयास, जुआ, सट्टा, आर्म्स एक्ट, नारकोटिक्स एक्ट, नकबजनी, चोरी, मारपीट सहित अन्य विभिन्न मामलों के 57 प्रकरण दर्ज हैं। साथ ही प्रतिबंधात्मक धाराओं के 23 प्रकरण हैं। रवि साहू के खिलाफ कुल 80 प्रकरण अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। रवि साहू कोतवाली के अलावा अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अपने गुर्गों के माध्यम से गांजा बिकवाने के साथ सट्टा संचालित करवाता था।

## 48 घंटे उत्तरी हिस्से में शीतलहर, फिर चढ़ेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गुरुवार को अन्य दिनों की तुलना में ठंड में थोड़ी राहत महसूस करने के बाद सप्ताहांत में फिर सर्द हवा का सामना करना पड़ सकता है। विशेषकर सरगुजा संभाग में लोग कड़कड़ाती ठंड का सामना करेंगे। आने वाले 48 घंटों तक प्रदेश के कुछ हिस्सों में शीतलहर चलने की आशंका मौसम विभाग ने जताई है। जारी पूर्वानुमान के अनुसार, शुक्रवार और शनिवार को उत्तर छग के एक-दो पॉकेट में शीतलहर चलेगी। रविवार तक तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री तक वृद्धि संभावित है। ⏭ शेष पेज 11 पर

- उत्तर से आ रही ठंडी और शुष्क हवा

### 30 डिग्री पहुंचा पारा

सूर्य के उत्तरायण होने के साथ अधिकतम तापमान में वृद्धि भी प्रारंभ हो गई है। लगभग एक माह से प्रदेश के किसी भी स्थान का तापमान 30 डिग्री तक नहीं पहुंच सका था। गुरुवार को प्रदेश में सर्वाधिक तापमान दुर्ग में 30 डिग्री दर्ज हुआ। सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 4 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। राजधानी रायपुर का अधिकतम तापमान 27.9 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 13.9 डिग्री दर्ज हुआ। ये सामान्य तापमान से 0.5 डिग्री अधिक है। माना एयरपोर्ट में भी तापमान इसके समकक्ष ही रहे।

## ईरान की राजधानी तेहरान होकर गुजरती है न्यूयार्क जाने वाली फ्लाइट

# न्यूयार्क जा रहे छग के यात्री मुंबई में फंसे, 2 घंटे उड़ान के बाद तड़के 4 बजे वापस उतारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ईरान द्वारा अपना एयरस्पेस बंद किए जाने का असर छत्तीसगढ़ के हवाई यात्रियों पर भी पड़ा है। मुंबई से न्यूयार्क जाने वाली फ्लाइट तेहरान होकर गुजरती है। छग के 8-10 यात्रियों ने मुंबई पहुंचने के बाद बुधवार मध्यरात्रि के बाद गुरुवार रात्रि 2 बजे उड़ान भरी। उड़ान भरने के एक घंटे बाद पायलट को ईरान द्वारा अपना एयरस्पेस बंद करने की सूचना प्राप्त हुई। पायलट द्वारा विमान को पुनः मुंबई वापस लाया गया। इस तरह लगभग दो घंटे हवा में रहने के बाद यात्रियों को वापस मुंबई एयरपोर्ट पर उतार दिया गया। खबर लिखे जाने तक यात्री मुंबई एयरपोर्ट पर ही थे। वे एयरलाइंस से अन्य वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए उन्हें न्यूयार्क भेजने की मांग कर रहे हैं। मुंबई एयरपोर्ट में फंसे कुछ यात्रियों की न्यूयार्क में महत्वपूर्ण फ्लाइट है, तो कई यात्री घूमने के उद्देश्य से होटल बुकिंग सहित अन्य खर्च पहले ही कर चुके हैं। गुरुवार तड़के से लेकर मध्यरात्रि बाद तक यात्री परेशान रहे।

- रात्रि 2 बजे मुंबई से भरी थी विमान ने उड़ान



### इधर...एयर इंडिया ने कहा-रूट बदलना संभव नहीं

एयर इंडिया और इंडिगो द्वारा पैसेंजर्स के लिए एडवाइजरी जारी कर दी गई है। एयर इंडिया ने कहा, ईरान में बन रहे हालात के कारण एयर स्पेस बंद कर दिया गया है। हमारे लिए यात्रियों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है। एयर इंडिया की फ्लाइट्स दूसरे रूट से उड़ान भर रही हैं, जिससे उड़ानों में देरी हो सकती है। कुछ उड़ानों के रूट बदलना संभव नहीं है। ऐसे में उन्हें रद्द कर दिया गया है। हम यात्रियों से अनुरोध करते हैं कि एयरपोर्ट आने से पहले आधिकारिक वेबसाइट पर अपनी फ्लाइट की स्थिति जरूर चेक कर लें। वहीं इंडिगो ने यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी करते हुए कहा, ईरान का हवाई क्षेत्र बंद होने से कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। इस स्थिति पर एयरलाइंस का नियंत्रण नहीं है। इसलिए यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए हमें खेद है।

# चिट्ठी आई है... चिट्ठियों के जरिए बृजमोहन दिखा रखे तेवर, आयोजनों से मौजूदगी का अहसास भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

पूर्व मंत्री व रायपुर के मौजूदा सांसद बृजमोहन अग्रवाल की मौजूदगी में गुरुवार को वंदे मातरम्-गान पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र के हजारों युवाओं ने इतिहास रच दिया। 3000 से अधिक स्कूल-कॉलेजों में एक साथ वंदे मातरम् का गान हुआ। लंबे समय तक छत्तीसगढ़ की राजनीति के बाद दिल्ली पहुंचे श्री अग्रवाल ऐसे ही आयोजनों के जरिए लगातार छग में अपनी मौजूदगी का अहसास करा रहे हैं। उन्होंने सरकारी कामकाज पर भी चिट्ठियों के जरिये सुर्खियां बटोर रखी हैं। कुछ कुछ मामलों में सुझावों के साथ उनके तेवर आलोचनात्मक भी रहे हैं। आखिर इस तरह से छग में उपस्थिति दर्ज कराने की वजह क्या है, आखिर उनके मन में क्या है, इसे लेकर सियासी गलियारे में चर्चा चल रही है। गौरतलब है, बृजमोहन अग्रवाल ने अपने संसदीय क्षेत्र रायपुर ही नहीं, प्रदेश के मुद्दों को लेकर भी तेवर दिखाए हैं और लगातार यह जारी भी है। लोकसभा में छत्तीसगढ़ के मुद्दों को उठाने के साथ साथ उन्होंने बाहर भी प्रदेश के मसलों पर अपने सुझाव रखे हैं। इसके लिए सरकार के मंत्रियों और संबंधितों को चिट्ठयों के जरिए सचेत किया है। कुछ मामलों में उन्होंने शासन-प्रशासन के खिलाफ सख्ती दिखाई है। अभी हाल ही में श्री अग्रवाल ने बालोद की जंबूरी का मामला उठाने के साथ ही स्काउट एंड गाइड के अध्यक्ष पद को लेकर हाईकोर्ट भी पहुंच गए। इस मामले में सरकार से जवाब तलब किया गया है।

## सियासी गलियारे में चर्चा, आखिर उनकी मंशा क्या, सकारात्मक सुझावों के साथ कुछ मामलों में तीखे हमले भी

**ऐसे पत्र, ऐसे तेवर**

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर पंचायत एवं नगरीय निकाय संवर्ग के दिवंगत शिक्षकों के 1242 आश्रित परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने का आग्रह किया।
- मेकाहारा रायपुर में बायपास और ओपन हार्ट सर्जरी की सेवाएं लंबे समय से बंद होने पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को पत्र
- राजधानी रायपुर में लगातार बढ़ते अपराध, यातायात की गंभीर समस्याओं और पुलिस बल की भारी कमी लेकर सीएम को चिट्ठी
- भ्रष्टाचार के मामले में भी तीखे हमले। विशेषकर टेंडर को लेकर दिखाए तेवर
- लोकसभा में 19 अगस्त को नियम 377 के तहत छत्तीसगढ़ के पर्यावरणीय संकट को मुखरता से उठाया



### जंबूरी के भ्रष्टाचार पर भी सख्त

बालोद में हुई राष्ट्रीय जंबूरी को लेकर जब इसमें भ्रष्टाचार का मामला सामने आया, तो श्री अग्रवाल ने एकाउड एंड गाइड का अध्यक्ष होने के नाते परिषद की बैठक कर जंबूरी को ही स्थगित कर दिया। इसके बाद इस मामले में विवाद भी हो गया। श्री अग्रवाल के स्थान पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को अध्यक्ष बताया गया, तो इस मामले में श्री अग्रवाल अपने को पद से बिना जानकारी के हटाए जाने के मामले में हाईकोर्ट चले गए हैं। हाईकोर्ट ने अब इस मामले में प्रदेश सरकार से जवाब मांगा है।

### लगातार कर रहे हैं आयोजन

श्री अग्रवाल अपने लोकसभा क्षेत्र में लगातार आयोजन कर रहे हैं। सबसे बड़ा आयोजन गुरुवार 15 जनवरी को वंदेमारतम् को लेकर किया गया। सांसद श्री अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में करीब 5 लाख विद्यार्थियों ने एक साथ सामूहिक वंदे मातरम् का गायन कर देश में नया कीर्तिमान स्थापित किया। रायपुर और बलौदाजबाजार-भाटापारा के करीब 3000 स्कूल, कॉलेज समेत विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में 5 लाख विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने मिलकर यह कीर्तिमान रचा। रायपुर में नेताजी सुभाष स्टेडियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में श्री अग्रवाल स्वयं उपस्थित रहे। जहां विद्यार्थियों और कैडेट्स ने उनका जोरदार स्वागत किया।

## खबर संक्षेप



### दिल्ली में राहुल गांधी से मिले टीएस सिंहदेव

**रायपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात की है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने सोशल मीडिया पर इस मुलाकात की जानकारी दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा, दिल्ली प्रवास के दौरान राहुल गांधी से मुलाकात का अवसर प्राप्त हुआ। मुलाकात के दौरान तमिलनाडु-पुडुचेरी की स्क्रीनिंग कमेटी की अध्यक्षता के लिए मेरा नाम प्रस्तावित करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। साथ ही इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत पदयात्रा आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत पदयात्रा 16 जनवरी को सुबह 10:30 बजे से माता कौशल्या धाम चंदखुरी से शुरू होगी। इसका समापन पुराने विधानसभा चौक पर होगा। पदयात्रा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज एवं वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। कांग्रेस ने मांग की है कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने का फैसला तुरंत वापस लिया जाए। योजना में किए गए सभी जनविरोधी बदलाव रद्द किए जाएं। ग्रामीण मजदूरों को काम और मजदूरी की पूरी गारंटी सुनिश्चित की जाए।

### चार आईएफएस अधिकारियों के तबादले

**रायपुर।** राज्य शासन ने गुरुवार को प्रशासनिक फेरबदल करते हुए भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के चार अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। इस तबादला सूची में एक अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एपीसीसीएफ) स्तर के अधिकारी भी शामिल हैं। नवीद शुजाउद्दीन प्रभारी अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, संयुक्त वन प्रबंधन, नीति विश्लेषक अरण्य भवन रायपुर को संयुक्त वन प्रबंधन, सामुदायिक वानिकी संरक्षण, रमेश कुमार जांगड़े उप वन संरक्षक छग राज्य लघु वनोपज को उन वन संरक्षक बीजापुर, रंगानाथा रामकृष्णा वाय उप वन संरक्षक बीजापुर को वन उप संरक्षक दंतेवाड़ा और जाधव सागर रामचंद्र को उप वन संरक्षक दंतेवाड़ा को वन उप संरक्षक परिश्योजना निर्माण निगरानी एवं मूल्यांकन के पद पर वन मुख्यालय अरण्य भवन में पदस्स्थ किया गया है।

## सीएम साय, डिप्टी सीएम अरुण, विजय सहित सांसद, विधायक बने हैं राष्ट्रीय परिषद के सदस्य


# प्रदेश के राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्य जाएंगे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर









भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया 19 जनवरी को प्रारंभ होगी। अध्यक्ष के नाम का ऐलान 20 जनवरी को होगा। कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन के ही पूर्णकालिक अध्यक्ष बनने की संभावना है। इस बार नए अध्यक्ष के चुनाव में छत्तीसगढ़ की भी भूमिका अहम रहेगी। चुनाव में प्रदेश को भी भागीदारी करने का पूरा मौका मिलेगा। प्रदेश में इस बार भाजपा प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे होने के साथ राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्य बने हैं। इनमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ प्रदेश के मंत्री, विधायक, सांसद और भाजपा नेता शामिल हैं। प्रदेश के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के नामांकन में प्रस्तावक और समर्थक बनेंगे।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने बीते साल के अंतिम माह में अचानक बिहार के मंत्री और छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी नितन नवीन को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया। अब नए साल में पूर्णकालिक अध्यक्ष का चुनाव 19 जनवरी को कराने का फैसला किया गया है। इसके पहले 2020 में 20 जनवरी को जेपी नड्डा पूर्णकालिक अध्यक्ष बने थे। उनको भी पहले कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। अब ठीक पांच साल पहले जैसे ही पूर्णकालिक अध्यक्ष का चुनाव कराया जा रहा है।

### प्रदेश के ये नेता जाएंगे दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में कई राज्यों के राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों से नामांकन फार्म में प्रस्तावक और समर्थक के रूप में हस्ताक्षर कराए जाते हैं। पिछली बार जब 2020 में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में जेपी नड्डा अध्यक्ष बने, तब छत्तीसगढ़ में प्रदेश संगठन का चुनाव पूरा न होने के कारण छत्तीसगढ़ को इसमें भागीदारी का मौका नहीं मिला था, लेकिन इस बार चुनाव पूरे होने के कारण छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्यों के साथ ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव को भी प्रस्ताव और समर्थक बनने का मौका मिलेगा। प्रदेश में जो राष्ट्रीय परिषद के सदस्य बने हैं, उनमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, लता उसेंडी, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, संतोष पांडेय, विजय बघेल, रूपकुमारी चौधरी, राज्य सभा सांसद देवेंद्र राजा प्रताप सिंह, विधायक विक्रम उसेंडी, पुन्नूलाल मोहिले, प्रदेश के मंत्री दयालदास बघेल, केदार कश्यप, पूर्व विधायक ननकी राम कंवर और खूबचंद पारख शामिल हैं। इनको जहां प्रस्तावक और समर्थक बनने का मौका मिलेगा, वहीं अध्यक्ष का चुनाव होने की स्थिति में इनको मतदान का भी अधिकार मिलेगा। ये सभी सदस्य नामांकन की प्रक्रिया वाले दिन 19 जनवरी या फिर एक दिन पहले 18 जनवरी को दिल्ली पहुंच जाएंगे।

# अव्यवस्थित निर्माण कार्य देख मूणत नाराज, गुणवत्ता में कमी पर भड़के



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**खास बातें**

- करबला तालाब में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण
- किड्स जोन की जगह छोटी, मूणत ने कहा नापकर दिखाएं

रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के साथ करबला तालाब में चल रहे 2 करोड़ 44 लाख के सौंदर्यीकरण कार्यों का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्य की गुणवत्ता में कमी, और तकनीकि खामियों को देखकर वे भड़क उठे। मौके पर मौजूद जोन आयुक्त और कार्यपालन अभियंता व अन्य तकनीकि अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य में लापरवाही नहीं चलेगी।

बिना ले-आउट और प्लानिंग के चल रहे कार्य पर राजेश मूणत ने नाराजगी जताई। करबला तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य में लापरवाही को लेकर रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत नाराज हुए। श्री मूणत ने स्थल निरीक्षण के दौरान पाया कि बिना ठोस प्लान के निर्माण कार्य कराया जा रहा है। अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि विकास कार्यो के लिए शासन की राशि अधिकारियों लापरवाही और अदूरदर्शिता के कारण व्यर्थ की जा रही है। बच्चों के खेलने के लिए चिन्हित किड्स जोन की जगह को अनुपयुक्त पाते हुए उन्होंने मौके पर उपस्थित कार्यपालन अभियंता और सहायक अभियंता से सवाल किया कि आप इसी वक्त नापकर बताइए कि इतनी कम जगह में फिसलपट्टी और खेल सामग्री कैसे लगेगी?

राजेश मूणत ने बिना नींव के सेफ्टी वॉल खड़ी किए जाने पर एतराज जताते हुए कहा कि बिना आधार के दीवार आखिर टिकेगी कैसे? तालाब परिसर में मंदिर के समीप निजी बाउंड्री वॉल और अवैध निर्माण पर उन्होंने तत्काल सीमांकन के निर्देश दिए। पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने निगम आयुक्त विश्वदीप को संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से वहां से शिफ्ट करने और अनुशासनात्मक कार्यवाही करने निर्देश दिए। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे ने कहा कि शहर के सौंदर्यीकरण के लिए आवंटित राशि का सही उपयोग होना आवश्यक है। निरीक्षण में जो खामियां पाई गई हैं, वे गंभीर हैं। हमने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी तकनीकी मापदंडों को पूरा करने के बाद ही कार्य आगे बढ़ाएं। अतिक्रमण और लापरवाही पर नगर निगम सख्त रुख अपनाएगा।

# प्रयागराज के लिए 110 किसानों का दल रवाना, भारतीय किसान यूनियन का आज से राष्ट्रीय चिंतन शिविर

## देशभर के किसान होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय चिंतन शिविर का आयोजन 16 से 18 जनवरी को प्रयागराज उत्तरप्रदेश में होने जा रहा है। इसमें भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों रायपुर, गरियाबंद, बीजापुर, बस्तर से 110 किसानों का दल गुरुवार को दुर्ग नवतनवा एक्सप्रेस से प्रयागराज के लिए रवाना हुआ।

प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही, गरियाबंद जिला अध्यक्ष मदनलाल साहू, बस्तर संभाग अध्यक्ष शिवा स्वर्णकार, बस्तर जिला अध्यक्ष रमेश गोयल, बीजापुर जिला अध्यक्ष संबय्या धंनूर, गरियाबंद जिला महासचिव योगेंद्र साहू के नेतृत्व में किसानों का दल रवाना हुआ। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही ने बताया कि केन्द्रीय कमेटी द्वारा प्रत्येक 6 माह में सांगठनिक कामकाज की व्याख्या, पिछले कार्यक्रमों का मूल्यांकन और आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा कर रणनीति बनाई जाती है। शिविर में छत्तीसगढ़ की संगठनात्मक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर प्रदेश में किसानों की समस्या को एक प्रस्ताव के रूप में रखा जाएगा, जैसे छत्तीसगढ़ के किसानों को धान का समर्थन मूल्य केन्द्र की वृद्धि के साथ 3286 रुपए प्रति क्विंटल मिलनी चाहिए। पांचवी और छठवी अनुसूचित क्षेत्रों में पेसा कानून का पालन किया जाए।

# हॉस्टल के लिए धरने पर बैठे डेंटल छात्र, स्टाइपेंड को लेकर भी रोष

## 700 छात्र-छात्राएं कॉलेज कैंपस में धरने पर बैठे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिले के शासकीय डेंटल कॉलेज में गुरुवार को बड़ा विरोध-प्रदर्शन हुआ। लंबे समय से अपनी मांगें शासन के समक्ष रख रहे छात्रों का आक्रोश अंततः गुरुवार को फूट ही पड़ा। महाविद्यालय के विभिन्न वर्षों के लगभग 700 छात्र कैंपस में ही मोर्चा खोलकर बैठ गए।

कक्षाओं का बहिष्कार करते हुए हाथ में तख्तियां लिए वे अपनी मांग पूरी करने नारे लगाते रहे। इनमें बड़ी संख्या में छात्राएं भी शामिल रहीं। विद्यार्थियों ने अपनी तीन सूत्रीय मांगे प्रदर्शन समाप्त करने के लिए रखी है। इसमें स्टाइपेंड में वृद्धि, पीजी स्टूडेंट्स के लिए गर्ल्स हॉस्टल की मांग सहित इंटर्न डॉक्टर्स को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की मांग रही। प्रदर्शन पूर्णतः शांतिपूर्ण रहा, लेकिन सभी छात्रों के हड़ताल में चले जाने के कारण व्यवस्थाएं प्रभावित रहीं।

**2019 से वृद्धि नहीं :** डेंटल छात्रों का कहना है कि उन्हें प्रदान किए जाने वाले स्टाइपेंड में पिछले 7 सालों से वृद्धि नहीं की गई है। इस दौरान महंगाई में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। अपने घर से दूर रहने वाले चिकित्सा छात्रों को कम स्टाइपेंड के कारण आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# निकायों की योजनाओं पर राशि खर्च कर दी, उपयोगिता प्रमाण पत्र में रकम और खर्च का हिसाब तक नहीं

## योजना के लिए कितनी रकम मिली, कितनी खर्च, ये भी नहीं बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों को राज्य प्रवर्तित योजनाओं के लिए राशि दिए जाने के बाद ये प्रावधान है कि उस राशि का पूरा हिसाब दे, और राशि कहां खर्च हुई है काम कितना हुआ है, इसका ब्योरा उपयोगिता प्रमाणपत्र के साथ दें।, लेकिन राज्य के 10 नगरीय निकायों ने उपयोगिता प्रमाण पत्र देकर शेष राशि की मांग की है, लेकिन उनके प्रमाण पत्रों में भारी गफलत सामने आई है। इस मामले को लेकर राज्य शहरी विकास अभिकरण सूडा ने इन निकायों को सचेत करते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र में सामने आई कमियों को दूर करने का निर्देश दिया है।

### इन निकायों के प्रमाण पत्रों में गड़बड़ी

सूडा ने जिन निकायों को उपयोगिता प्रमाण पत्र में गड़बड़ियों को ठीक करने कहा है, उनमें नगर निगम अंबिकापुर, नगर पालिका परिषद बलरामपुर, जशपुर, मनेन्द्रगढ़ नगर पंचायत, कोटा, चारामा,घुरा, सहसपुरलोहारा, टुण्डरा और नगर पंचायत बरमकेला शामिल हैं।

### उपयोगिता प्रमाण पत्र क्यों मांगा जाता है?

यह प्रमाणित करता है कि सरकार या अन्य फंडिंग एजेंसियों से प्राप्त धन का उपयोग केवल उन्हीं विशिष्ट उद्देश्यों के लिए किया गया है जिनके लिए उन्हें स्वीकृत किया गया था।यह वित्तीय संसाधनों के उपयोग में पारदर्शिता सुनिश्चित करता है और स्थानीय निकायों की जवाबदेही तय करता है कि उन्होंने धन का दुरुपयोग या हेरफेर नहीं किया है।

### निकायों की ये कमियां सामने आईं

अंबिकापुर नगर निगम में वहां के चम्बोथी तालाब के सौंदर्यीकरण के उपयोगिता प्रमाण पत्र में कार्य की भौतिक प्रगति का कोई दस्तावेज नहीं है। इससे ये साफ नहीं होता की कार्य हुआ है या नहीं। यहीं जानकी महंत सरोवर तालाब और सुरभि पार्क के उन्नयन के काम के लिए मिली राशि और खर्च हुई राशि त्रुटिपूर्ण प्रमाणित की गई है। भौतिक व वित्तीय प्रगति सूडा के निर्धारित प्रारूप में नहीं है। यही नहीं कार्य का फोटो भी एक साल पुराना लगाया गया है। मनेंद्रगढ़ में हर्बल गार्डन विस्तार के काम में भी प्राप्त राशि और खर्च का हिसाब गलत है। बलरापुर में साइंस चिल्ड्रन पार्क में भी राशि मिलने और खर्च का हिसाब प्रमाणित नहीं है। जशपुर में उपयोगिता प्रमाण पत्र में अवशेष राशि को गलत प्रमाणित किया गया है। यही पर मुक्तिधाम निर्माण,देशपांडेय पार्क के काम में भी यही गड़बड़ी है। कोटा में किए गए कार्यों का ब्योरा नहीं दिया गया। चारामा में सरार तालाब निर्माण कार्य पूरा होने का प्रमाण पत्र नहीं दिया गया। छुरा में काम पूरा हुआ है या नहीं ये भी नहीं बताया गया है। सहसपुर लोहारा का भी यही हाल है। टुंडर में अशोक वाटिका के सौंर्दयीकरण के लिए मिली और खर्च की गई राशि का हिसाब नहीं है। बरमकेला में गार्डन निर्माण के काम का पूरा ब्योरा उपयोगिता प्रमाणपत्र में नहीं है।

# रायपुर संभाग में राजीनामा में 10 लाख से अधिक की वसूली

## रायपुर संभाग में नापतौल विभाग ने 9 माह में विभिन्न प्रकरणों में दो करोड़ से अधिक जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



नापतौल विभाग ने रायपुर संभाग में पिछले 9 महीनों में विभिन्न प्रकरणों में राजीनामा के तहत 10 लाख रुपए से अधिक की वसूल की है, वहीं संभाग में इस अवधि के दौरान 2 करोड़ 31 लाख से अधिक राशि वसूली है।

पिछले वर्ष की तुलना में यह राशि जरूर आधी है, लेकिन विभागीय अधिकारियों की मानें तो वित्तीय वर्ष खत्म होने तक संभवतः पुराने टारगेट की राशि तक आंकड़ा पहुंचने की संभावना है। नापतौल विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में निरीक्षण और जांच करते हुए कुल 324 प्रकरण दर्ज किए थे। इनमें से कई प्रकरणों में राजीनामा भी हुए हैं। वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में एक अप्रैल से लेकर 30 नवंबर तक की स्थिति में 83 प्रकरण ही बनाए हैं। सूत्रों के अनुसार इन प्रकरणों में भी कुछ प्रकरण राजीनामा के हैं। संभाग स्तर पर केंद्रीय और राज्य के विभागीय पोर्टल के माध्यम से 42 शिकायतें भी मिली हैं। इनमें 37 निराकृत एवं 5 लंबित हैं।

:: शपथ-पत्र ::

मैं रोशनी वर्मा उम्र 22 वर्ष पिता श्री रामकुमार वर्मा निवासी आदर्श नगर मठपारा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूं-
1. यह कि मेरा नाम व पता सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजो मे मेरा नाम उपर वर्णित अनुसार रोशनी वर्मा अंकित है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम त्रुटिवश रोशनी साहू अंकित है।
4. यह कि रोशनी वर्मा एवं रोशनी साहू दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है।
5. यह कि मेरे आधार कार्ड मे मेरा वास्तविक नाम रोशनी वर्मा अंकित कर संशोधन किये जाने बाबत शपथपत्र संबंधित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।
शपथकर्ता

सत्यापन

शपथपत्र की कंडिका 01 से 05 के कथन सत्य वं सही है।
रायपुर छ.ग. रोशनी वर्मा
दिनांक :- 15.01.2026 शपथकर्ता

|| आम सूचना ||

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण की स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 00070 रा.नि.मं. रायपुर 11 टिकरापारा तह. व जिला रायपुर में स्थित खसरा नंबर 369/3 रकबा 0.3650 हे. खसरा नंबर 369/8 रकबा 0.036 हे. खसरा नंबर 369/33 रकबा 0.049 हे. भूमि है एवं बंटवारा हक से प्राप्त खसरा नंबर 369/3 रकबा 0.212 हे. खसरा नंबर 369/8 रकबा 0.020 हे. एवं खसरा नंबर 369/33 रकबा 0.028 हे. तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि को क्रेता बनमाली छुरा उम्र 42 वर्ष पिता चितरू छुरा निवासी म.नं. 668 वार्ड नं. 46 न्यू राजेन्द्रनगर रायपुर छ.ग. द्वारा क्रय करने का सौदा कर मेरे पक्षकार के साथ विक्रय इकरारनामा दिनांक 03.05.2025 को निष्पादित किया गया है। लेकिन क्रेता द्वारा उपरोक्त भूमि को क्रय करने के सबंध में जो सौदा अग्रीम बयाना राशि चेक के माध्यम से क्रेता द्वारा मेरे पक्षकारगण को भुगतान किया गया है वह सभी चेक क्रेता के बैंक खाता में अपर्याप्त राशि होने के कारण चेक अनादरित हो गया है। जिस कारण मेरे पक्षकार को अग्रीम बयाना राशि आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसी स्थिति में मेरे पक्षकारगण के साथ क्रेता द्वारा किया गया विक्रय करने का सौदा विक्रय इकरारनामा स्वमेव निरस्त एवं शून्य हो गया है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से आम जनता, व्यक्ति, बैंक, बीमा, कंपनी, साहूकार शासकीय संस्था, अर्धशासकीय संस्था एवं निजि संस्था को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण की ऊपर वर्णित भूमि को क्रेता द्वारा भुगतान किया गया राशि अप्राप्त होने के कारण मेरे पक्षकारगण एवं क्रेता बनमाली छुरा के साथ दिनांक 03.05.2025 को किया गया विक्रय इकरारनामा स्वमेव निरस्त एवं शून्य माना एवं समझा जावे ऐसी स्थिति में मेरे पक्षकारगण की भूमि पूर्णतः पाक साफ होने से किसी अन्य क्रेता को विक्रय करने हेतु स्वतंत्र है। सो सूचना जाने।
रायपुर (छ.ग.) दिनांक- 14/01/2026
भवदीय
टी.एस. सेठ अधिवक्ता
रायपुर (छ.ग.)
मो. 98274-82410

घोषणा पत्र

मैं अर्जुन टंडन, आयु 36 वर्ष, पिता स्व. श्री अशोक टंडन निवासी ग्राम कुटेसर, मंदिर हसौद, जिला रायपुर छ.ग. निम्न घोषणा करता हूं कि
1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2- यह कि, मै मेरी माता श्रीमती अनुराधा टंडन व भाई आकाश टंडन से वर्ष 2016 से मेरा निवास एवं व्यवसाय पृथक से है। तथा मेरी माता एवं मेरे भाई से कोई संबंध नही है।
3- यह कि, मै अपनी माता एवं भाई के किसी भी कर्ज या कानूनी मामले के लिये जिम्मेदार नही हू। भविष्य में उनसे किसी भी तरह के लेन देन के लिये बाध्य नही हूं।
4- यह कि उपरोक्त घोषणा मेरे द्वारा अपने स्वतंत्र इच्छा से की गई घोषणा है।
रायपुर छ.ग.
दिनांक 15/01/2026
घोषणाकर्ता
अर्जुन टंडन

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अर्चना पंकज कुमार सिंह पति पंकज कुमार सिंह, निवासी 520/3, शिवनाथ रेल, विहार फेज-2, W.R.S कालोनी रायपुर, पिन 492008 (छ.ग.) यह शपथ करती हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम अर्चना सिंह पति पंकज कुमार सिंह रख लिया है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम अर्चना सिंह पति पंकज कुमार सिंह से ही जाना जाए।
अर्चना सिंह
520/3 शिवनाथ रेल विहार
विहार फेज-2, W.R.S
कालोनी रायपुर, पिन-
492008 (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-05 (भनपुरी) तहसील व जिला रायपुर
सीमांकन के संबंध में आम सूचना
दिनांक 08/01/2026

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक के. रवि कुमार पिता के. शंकर राव निवासी गणेश मंदिर के पास, सेक्टर 03 शिवानंद नगर खमतराई रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम भनपुरी प.ह.नं. 39 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-05 (भनपुरी) स्थित भूमि खसरा नंबर 436/124, 436/125 रकबा क्रमशः 0.0185, 0.0325 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र. क/वाचक/अति. तह./ वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 11/12/2025 के परिपालन में दिनांक 22/01/2026 को समय 2.00 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 39 के खमतराई स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।
राजस्व निरीक्षक
रायपुर-05

## खबर संक्षेप

### सगुनी में आज निषाद जयंती मनाई जाएगी

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सगुनी में 16 जनवरी को भक्त गुहा निषाद राज जयंती का आयोजन रखा गया है। सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे कलश यात्रा, तत्पश्चात अतिथि सत्कार, शाम 7 बजे से मां शारदा मानस परिवार सोरिद महासमुंद का कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेल एवं राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा होंगे। अध्यक्षता रजत कश्यप सरपंच करेंगे। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, दाऊ सुरेंद्र कश्यप, सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल, सोमनाथ राज अध्यक्ष संतराम भक्त, उपसरपंच ज्ञानदास मानिकपुरी, पंचगईहा सुंगेरा क्षेत्र प्रमुख सेवाराम निषाद, पूर्व सरपंच पुरुषोत्तम निषाद सगुनी आदि होंगे।

### गातापार में चिकित्सकों का राष्ट्रीय अधिवेशन 18 को

**अभनपुर।** ग्राम गातापार स्थित जीवोदया विद्यालय प्रांगण मे नागार्जुन नेचुरोकेयर हेल्थ वेलनेस एंड रिसर्च सेंटर केंद्रीय अभनपुर नवा रायपुर एवं हॉलिस्टिक मेडिसिन रिसर्च फाउंडेशन इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में इलेक्ट्रोहो्योपैथी एवं हॉलिस्टिक मेडिसिन चिकित्सकों का राष्ट्रीय अधिवेशन 18 जनवरी को रखा गया है। अधिवेशन में इलेक्ट्रोहो्योपैथी, हॉलिस्टिक मेडिसिन के साथ एक्यूपंक्चर, एक्यूप्रेशर, हिजामा, काइरोप्रैक्टिक, साउंड हीलिंग व न्यूरो थेरेपी जैसी वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों पर देशभर से आए विशेषज्ञ अपने विचार व शोध प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित भी किया जाएगा। संस्था प्रमुख डॉ. विक्रम सिंह लाहौरी ने बताया कि यह अधिवेशन वैकल्पिक व प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रचार-प्रसार और चिकित्सकों के बीच संवाद व ज्ञान-विनिमय का सशक्त मंच होगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक चिकित्सकों व शोधकर्ताओं से अधिवेशन मे शामिल होने की अपील की है।

### सरस्वती ज्ञानदीप का 17 को होगा वार्षिकोत्सव

**आरंग।** सरस्वती ज्ञानदीप विद्यालय आरंग में सांस्कृतिक प्रतिभा को मंच देने हेतु 17 जनवरी को विद्यालय परिसर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12.30 बजे से होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ध्रुव कुमार मिर्धा राज्य मंत्री अध्यक्ष चर्म शिल्पकार बोर्ड उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. संदीप जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आरंग करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में नवीन कुमार मार्कण्डेय पूर्व विधायक एवं महामंत्री भाजपा छत्तीसगढ़ शामिल होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में पुष्कर साहू, वीरेन्द्र (गोलू) कंडरा, चंद्रशेखर साहू, के.के. भारद्वाज, देवनाथ साहू एवं अशोक चंद्राकर की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

### भलेरा में 17 को मड़ई मेला महोत्सव

**आरंग।** ग्राम भलेरा में लंबे अंतराल के बाद इस वर्ष पारंपरिक मड़ई मेला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 17 जनवरी को आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार मड़ई मेला के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में नवाकिरण छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी, ग्राम भंडारपुर (डोंगरगढ़) द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। मेला आयोजन को लेकर ग्राम में उत्साह का माहौल है। आयोजन समिति ने सभी ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर मड़ई मेला महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

### आशीष बने ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष

**सिलयारी।** धरसींवा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आशीष वर्मा पिछले 25 वर्षों से कांग्रेस संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं और अपने राजनीतिक जीवन में उन्होंने विभिन्न निर्वाचित एवं संगठनात्मक पदों पर रहते हुए पार्टी एवं जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।और साथ ही यूथ कांग्रेस प्रतिनिधि,यूथ कांग्रेस महासचिव, ग्राम पंचायत में पंच,व उपसरपंच के पदों पर निर्वाचित रह चुके है।

# सिंधी भाषा डिप्लोमा की परीक्षा 10 बुजुर्गों सहित 230 विद्यार्थी ने दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

सिंधी भाषा विकास परिषद के तत्वाधान एवं पूज्य सदाणी दरबार के नवम गद्दीनसीन संत युधिष्ठिर लाल के सयुक्त तत्वाधान में सिंधी भाषा डिप्लोमा व एडवांस डिप्लोमा परीक्षा सर्टिफिकेट की परीक्षा तिल्दा नेवरा शारदा शिशु मंदिर में सम्पूर्ण परीक्षा परिषद के अधिकारी बेंगलुरु के कन्हेया लाल खटवानी,सदाणी दरबार के मुरली बत्रा,ताराचंद मोह्नानी रोशन आहूजा के सुपरविजन में सम्पन्न हुई। इस मौके पर तिल्दा सिधी समाज के मुखी छमनलाल खूबचंदानी,शारदा शिशु मन्दिर के प्रमुख परमाँनद बालचंदानी खेमचंद वीरानी मौजूद रहे।

केंद्र पर कुल 220 बच्चों और 10 बुजुर्गों ने देवनागरी की परीक्षा दी। परीक्षा संयोजक कन्हेया लाल खटवानी, ने बताया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा परीक्षा के माध्यम से सिंधी भाषा, संस्कृति व रीति रिवाजों के साथ लिपि का ज्ञान करवा भारतीय भाषाओं को समृद्ध बनाने का यह प्रयास है। उन्होंने सिंधी भाषा के विविध रूपों के साथ नई शिक्षा नीति के भाषाई फार्मूले पर चर्चा कर अधिकाधिक भाषाओं के अनुवाद कर सरकारी योजनाओं की जानकारियां दी।उन्होंने बताया सिंधी भाषा सर्टिफिकेट व एडवांस डिप्लोमा कक्षाओं में शिक्षण कार्य करवाया गया।सर्टिफिकेट ,डिप्लोमा,,एडवांस डिप्लोमा के लिए 330 विद्यार्थियों ने परीक्षा में शामिल होने आवेदन दिया था ,लेकिन परीक्षा में कुल 230 ने परीक्षा दी।

## बच्चों और बुजुर्गों ने देवनागरी लिपि में दी परीक्षा



### भाषा के विकास को मिलेगा बल

टीचर संचिता बत्रा ने बताया की परीक्षा शांतिपूर्ण और अनुशासनात्मक वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा संचालन में परिषद द्वारा निर्धारित मानकों और दिशा निर्देशों का पालन किया गया। टीचर नेहा भोजवानी ने बताया कि परीक्षा का परिणाम 2 महीने के बाद आएगा इसमें मेरी लिस्ट में आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया जाएगा। वर्षा बत्रा जमुना भोजवानी ने बताया कि पिछले दो परीक्षाओं में तिल्दा के परीक्षार्थियों के नाम मेरिट लिस्ट में आते रहे थे। सिंधी समाज के अध्यक्ष छमनलाल खूबचंदानी ने कहा कि सिंधी भाषा भारतीय भाषाई विरासत का हिस्सा है और इस प्रकार की परीक्षाएं भाषा को शैक्षणिक पहचान देने में मददगार हैं। इससे नई पीढ़ी में मातृभाषा सीखने की रुचि विकसित होती है।उन्होंने कहा कि परिषद द्वारा संचालित शैक्षणिक व प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर सिंधी भाषा के प्रचार-प्रसार को आधार दे रहे हैं। आगे भाषा-विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का दायरा बढ़ाने की योजना है, जिससे भाषा संरक्षण के प्रयासों को गति मिलेगी। परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने में दिव्या भोजवानी.सोना ना भोजवानी, राजकुमार शिवदासानी, वीणा चदानी, ज्योति भोजवानीमनोज भोजवानी का विशेष योगदान रहा।

**प्रवचन :** छतौद में पं. गौरव जोशी की भागवत कथा 19 तक जारी रहेगी

# भागवत कथा में शिव-पार्वती विवाह के प्रसंग ने श्रोताओं को किया भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा






समीपस्थ ग्राम छतौद में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। बिलासपुर से पधारे कथा व्यास महाराज गौरव जोशी ने शिव-पार्वती विवाह की पावन कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

कथा में महाराज श्री ने माता सती के चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार अपने पिता दक्ष के यज्ञ में पति महादेव का अपमान सहन न कर पाने पर माता सती ने योगाग्नि में स्वयं को भस्म कर लिया। इसके पश्चात भगवान शिव के क्रोध और रौद्र रूप का वर्णन सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। शोक के वातावरण के बाद कथा ने मंगलमय मोड़ लिया और शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग शुरू हुआ।

**पंडाल में गूंजा हर हर महादेव:** महाराज गौरव जोशी ने बताया कि भगवान शिव का विवाह केवल एक दिव्य उत्सव नहीं,बल्कि त्याग, तपस्या और प्रेम का अद्वितीय उदाहरण है।कथा के दौरान जब विवाह प्रसंग आया,तो पंडाल हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा।व्यास जी ने कथा को विस्तार देते हुए कहा कि माता पार्वती ने महादेव को अपने पति के रूप में मान लिया था और उन्हीं से विवाह करना चाहती थीं। हालांकि,शिव को पति के रूप में पाना आसान नहीं था।पार्वती जी ने हार नहीं मानी और वर्षों तक कठोर तपस्या की।

उनकी तपस्या इतनी तीव्र थी कि तीनों लोकों में हाहाकार मच गया और विशाल पर्वत भी डगमगाने लगे।तब देवतागण महादेव के पास पहुंचे और इस समस्या का हल निकालने की विनती की।शिवजी ने पार्वती को दर्शन देकर उनसे किसी राजकुमार से विवाह करने को कहा।पार्वती जी ने इससे इनकार कर दिया और बताया कि वह मन ही मन महादेव को अपना पति मान चुकी हैं।इस पर शिवजी भी विवाह के लिए मान गए।पार्वती जी से विवाह रचाने के लिए शिवजी बारातियों के साथ पहुंचे।

उनकी बारात ऐसी थी कि सभी देखकर चौंक गए,क्योंकि इसमें भूत-प्रेत भी शामिल थे।दूल्हा बने शिवजी ने भस्म से श्रृंगार किया था और हड्डियों की माला पहनी थी। भूत-प्रेतों की बारात और शिव का यह रूप देखकर सभी दंग रह गए।माता पार्वती की मां मैनावती ने इस विवाह से साफ इनकार कर दिया।तब पार्वती जी ने शिवजी से प्रार्थना की कि वे विवाह के रीति-रिवाजों को ध्यान में रखते हुए तैयार हो जाएं। इसके बाद देवताओं ने शिवजी का श्रृंगार किया।शिवजी का सुंदर दिव्य रूप देखकर सभी प्रसन्न हुए। अंततः माता पार्वती और शिवजी का विवाह संपन्न हुआ।

### मनमोहक झांकी सजाई गई

कथा स्थल पर शिव-पार्वती विवाह की सजीव और मनमोहक झांकी सजाई गई थी। जैसे ही शिव जी की बारात का प्रसंग आया, पूरा पंडाल उत्सव में डूब गया।इस मौके पर वर्मा परिवार ने बाराती बनकर भगवान के भजनों पर जमकर नृत्य किया। परिवार के सदस्यों और ग्रामवासियों का उत्साह देखते ही बनता था। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और एक-दूसरे को विवाह की बधाई दी। मुख्य यजमान चंद्रशेखर वर्मा ने बताय कथा 19 जनवरी तक आयोजित है।

# अभनपुर-राजिम मार्ग निर्माण में लापरवाही, मंत्री को सौंपा ज्ञापन, फिर भी कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नेशनल हाईवे 130सी अभनपुर राजिम मार्ग का निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है जबकि उच्च सदन विधानसभा मे एक वर्ष पूर्व ही यह मार्ग का निर्माण कार्य पूर्णतः बताया जा चुका है,कई जगह आधी अधूरी नाली बनाकर छोड़ दी गई है जिसका सीपेज पानी कुंए व हेडपंप मे पहुंच रहा है अभनपुर शुलभ शौचालय के पास कच्ची नाली होने के कारण बस स्टैण्ड के कुंए मे गंदा पानी जा रहा है जिसका कई बार पानी निकाला गया फिर भी पीने लायक पानी नही मिल पा रहा है,शास्त्री चौक के पास एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सामने सडक़ अधूरी है।

- निर्माण के छह माह पर सड़क धसी और नालियां है अधूरी

वही पर नाली का निर्माण भी नही किया गया है इस तरह कई ऐसे जगह है जहां पर नाली का निर्माण अधूरा है,जून 2025 मे सडक़ का डामरीकरण किया गया था 6 माह के अंदर ही जगह जगह सडक़ धस गई है,आमजनता के आवागमन को सुगम बनाने के लिए शासन इस मार्ग के लिए 100 करोड़ से अधिक राशि स्वीकृति प्रदान की गई थी लेकिन अभी भी 40 फीट की सडक़ ही उपयोग हो पा रही है।

**सड़क किनारे मिट्टी-रेत जमा, आवागमन बाधित :** सडक़ के दोनो ओर उपर नीचे रोड होने तथा रेती, मिट्टी का मलबा जमा होने के कारण कोई भी वाहन नीचे चलाता है,सडक़ निर्माण के साथ ही कठिया मोड़ तक डिवाइडर,विद्युत पोल व शास्त्री चौक का डामरीकरण जैसे कार्य इसी कार्य आदेश मे सम्मिलित था लेकिन यह कोई कार्य नही हो पाया है,सडक़ निर्माण की गुणवत्ता को लेकर कई बार शिकायते की गई है लेकिन ठेकेदार पर इसका कोई असर नही हुआ,अभनपुर से मानिकचौरी तक कई जगह रोड धसी हुई ,सडक़ की गुणवत्ता परिलक्षित हो रही है।

तीन माह पूर्व ही अभनपुर के नागरिको द्वारा मुख्यमंत्री, पीडब्लूडी मंत्री, अभनपुर विधायक, कलेक्टर के नाम लिखित शिकायत एसडीएम अभनपुर केमाध्यम से सौपकर उक्त सडक़ के निर्माण कार्यो की गुणवत्ता एवं अधूरी सडक़ व नाली निर्माण को पूर्ण करने तथा ठेकेदार के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई थी लेकिन आज भी सडक़ की स्थिती मे सुधार नही हो पाया है।

# टेनिस बाल क्रिकेट में भूमिया की जीत




**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम लखना में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। इस प्रतियोगिता में 16 टीम भाग लेंगे। फायनल मैच ग्राम भूमिया व सड्डू के बीच खेला गया। भूमिया की टीम ने टॉस जीतकर पहले फिल्डिंग करने का फैसला लिया। सड्डू की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 7 ओवर 4 गेंद में 10 विकेट खो कर 48 रन ही बना पाये।जिसके जवाब में भूमिया के टीम ने 7 ओवर 5 गेंद में 4 विकेट खो कर मैच पर कब्जा जमाया। इस तरह भूमिया की टीम 6 विकेट से विजयी रही। इस मैच के मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज जितेंद्र पाल भूमिया रहे। पुरस्कार वितरण अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य शत्रुहन यदु, सोसायटी अध्यक्ष केयूर भूषण शर्मा, ब्लाक कांग्रेस कमेटी तिल्दा ग्रामीण अध्यक्ष बलदाऊ साहू, लखना सरपंच श्यामा बाई साहू, भूमिया सरपंच मोहित यदु, माखन साहू, राम लाल साहू, चन्द्रशेखर साहू, फेकूराम साहू, रघुनाथ निषाद, तोरण साहू, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सत्यापन के नाम पर किसानों का किया जा रहा अपमान : कांग्रेस

**सिलयारी।** ख़ौना समिति द्वारा किया जा रहा सत्यापन का किसानों द्वारा विरोध सरकार कभी सत्यापन अनिवार्यता समाप्त करने का मौखिक आदेश देते है कभी सत्यापन अनिवार्य करने का आदेश देते है किसानों समस्याओं से जूझ रहा है एक तरफ कई स्तर के जांच से गुजर रहे किसानों का अंतिम दिनों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है आज शेष बचे किसानों का टोकन कटाने के पहले समिति प्रबंधक एवं कृषि विस्तार अधिकारी जांच करने के उपरांत ही टोकन काटे जा रहे है, जिस प्रकार सरकार पहले धान के खेत का गिरदावरी करवाया ,पटवारी से रेंडम जांच करवाए फिर एग्री स्टेक पोर्टल पर पंजीयन कराए फिर समिति में कैरिफारवर्ड कराने के बाद समिति में धान पहुंचने के पहले फिर ऑनलाइन करने के बाद खरीदी केंद्र में पहुंचता है इसके बाद और जांच किसानों को परेशान करने का एक मात्र कार्य है। किसान नेता एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने सरकार के किसान विरोधी एवं किसानों को अपमानित किया जा रहे जांच का तत्काल रोक लगाकर टोकन जारी करने का आदेश जारी करने की मांग की है। विरोध करने वाले किसानों नेतराम वर्मा, हेमंत सिंह ठाकुर विवेक सिंह ठाकुर घनश्याम वर्मा,भीम पटेल,घनश्याम धीवर,जीवन वर्मा जीवन पटेल ,यशवंत धीवर,रामशरण धीवर,आनंद ठाकुर,रूपेंद्र वर्मा,युधिष्ठिर पटेल,जितेंद्र वर्मा ,मुकेश ठाकुर शामिल थे।

# ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर ओमप्रकाश किया स्वागत


हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे प्रदेश में ब्लॉक अध्यक्षों कि जंबो लिस्ट जारी कर दी गई है। कही नए चेहरों को मौका दिया गया है तो कही पर पुराने को पुनः अवसर प्रदान किया गया है। माता कौशल्या धाम चंदखुरी रायपुर से मंदिर हसौद के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रहे ओमप्रकाश उर्फ जीतू यादव को चंदखुरी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

इसके पूर्व ओमप्रकाश संगठन में जोन अध्यक्ष के पद पर पार्टी को सेवा दे चुके है। वर्तमान में वे नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद के उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत है। ओमप्रकाश यादव के ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह एवं युवाओं में भारी जोश देखने को मिला। ब्लॉक अध्यक्ष कि सूची जारी होने उपरांत ओमप्रकाश यादव अपने साथी कार्यकर्ताओं सहित पूर्व मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया से भेट कर उन्हें आभार जताया और उसके बाद कार्यकर्ताओं ने उनका मंदिर हसौद चौक में आत्मीय स्वागत कर सभी माता कौशल्या धाम चंदखुरी जाकर माता के मंदिर में माथा टेक आशीर्वाद लिए, और आगामी 16 जनवरी को आयोजित होने वाले मनरेगा बचाओ कार्यक्रम स्थल के संबंध में जायजा लेते हुए अपने अपने गंतव्य को प्रस्थान किए। इस दौरान प्रमुख रूप से नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद के अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी,पूर्व ब्लॉक दिनेश ठाकुर , रेखराम पात्रे , पूर्व जनपद सदस्य नर्सिंग अग्रवाल, ज़ोन अध्यक्ष हरि बंजारे, सौरभ चंद्राकर जी, पूर्व सरपंच नोहर यादव , प्रवीण सिंह , पूर्व सरपंच संतराम यदु, मनीराम पटेल, नीरू दास, राधेश्याम पटेल, गोवर्धन सिन्हा, संतोष सिन्हा, दिलीप जोशी,शत्रुघ्न यादव, पार्षदगण में राकेश मिश्रा, अनुज मिश्रा, राकेश जायसवाल उत्तम साहू, दीनू यादव, एवं वरिष्ठ कांग्रेसी रामस्वरूप यादव उपस्थित थे।

# भिलाई में तीन दिनी दिव्य सत्संग आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चन्दखुरी



कबीर कल्याण आश्रम भिलाई आरंग में 16 जनवरी से 3 दिवसीय भव्य सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिनकी सत्संग समापन 18 जनवरी को किया जाएगा जिसमें सदगुरु कबीर के संदेशों को जन जन तक पहुंचाने पूज्य सद्गुरु मुजापुर बाराबांकी उत्तर प्रदेश से संत श्री निष्ठा साहेब अपने संत मंडली के साथ पहुंच रहे हैं ग्राम भिलाई में संत समागम में पधार रहे हैं।

कार्यक्रम का प्रथम दिवस 16 जनवरी को संत समागम त्रि दिवसीय भव्य सत्संग समारोह में सुबह 10:00 से 12:00 तक एवं दोपहर 2:30 से शाम 5:00 बजे तक सदगुरु कबीर साहेब के संदेशों का जन जन तक पहुंचाने के लिए साहेब जी द्वारा कार्यक्रम रखा गया है साथ ही साथ भोजन प्रसादी का कार्यक्रम 1:00 बजे प्रतिदिन रखा जाएगा तीन दिवसीय भव्य सत्संग कार्यक्रम के आयोजक संत श्री विजयेंद्र साहेब नीरा साहेब समस्त कबीर अनुयायी भिलाई एवं अंचल वासी तैयारी में लगे हुए हैं

# कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा आज

**सिलयारी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा केंद्र सरकार की मनरेगा विरोधी नीतियों के खिलाफ चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

यह पदयात्रा 16 जनवरी को सुबह 10 बजे कौशल्या माता मंदिर चंदखुरी से शुरू होगी। यात्रा कुल 8 किलोमीटर लंबी होगी और पूर्व विधानसभा चौक (विधानसभा ब्रिज के नीचे) पहुंचकर एक विशाल सभा के साथ समापन होगा। इस पदयात्रा में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, शिवकुमार डहरिया, धनेंद्र साहू, सतनारायण शर्मा और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं मनरेगा बचाओ संग्राम के समन्वयक शाहिद खान छाया वर्मा, अनिता शर्मा, कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय पंकज शर्मा शैलेश नितिन त्रिवेदी प्रमोद दुबे, कांग्रस ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे होंगे शामिल।

**16 जनवरी को मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा माता कौशल्या मंदिर चंदखुरी से शुरू होकर पूर्व विधानसभा चौक तक पहुंचेगी**

# पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से युवक की मौत, कांग्रेस ने किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पीडब्ल्यूडी विभाग की गंभीर लापरवाही के कारण सड़क पर बनाए गए गड्ढे में गिरकर निर्दोष युवक मुन्ना यादव की मौत के मामले को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में काली मंदिर, आकाशवाणी के निकट स्थित पीडब्ल्यूडी कार्यालय का घेराव किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस दौरान कार्यालय के बाहर पुलिस प्रशासन एवं राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, ओवरब्रिज निर्माण के लिए बीच सड़क पर गहरा गड्ढा खोद दिया गया, लेकिन न तो पर्याप्त बैरिकेडिंग की गई, न चेतावनी बोर्ड लगाए गए। न ही रात के समय लाइट की व्यवस्था की गई। इस घोर लापरवाही के कारण एक गरीब, मेहनतकश युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही से हुई हत्या है। कांग्रेस पार्टी मांग की है कि इस घटना के लिए जिम्मेदार पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, कर्मचारी एवं संबंधित निर्माण एजेंसी पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही मृतक युवक के परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा दी जाए, ताकि पीड़ित परिवार को कुछ राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला और दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी और सड़कों पर उतरकर संघर्ष जारी रखेगी।

कांग्रेस नेताओ ने कहा, निर्माणाधीन स्काईवाक और फुट ओवरब्रिज में भी यदि इसी तरह की लापरवाही बरती गई तो किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ऐसी किसी भी घटना की पूरी जिम्मेदारी शासन और संबंधित विभागों की होगी।

## पेज 09 के शेष...

### मामूली एक्सीडेंट...

अभनपुर निवासी हेमंत साहू, कैलाश तिवारी तथा अजय गोंड मड़ई मेला देख कर लौट रहे थे। इस दौरान बीच रास्ते में स्कूटी का तेल खतम हो गया। इसके कारण वे अपनी दोपहिया में पेट्रोल डलवाने रांग साइड स्कूटी को धक्का मारते ले जा रहे थे। इस दौरान रायपुर से कार में सवार होकर मेला से लौट रहे दिलेश मंडावी, चंदन यादव तथा नीलेश सेन अभनपुर के पास ढाबा में खाना लेने जा रहे थे। उसी दौरान कार, स्कूटी से टकरा गई और उनके बीच इस बात को लेकर विवाद हुआ।

### घटना में शामिल ज्यादातर...

रिंकू तथा चंद्रशेखर के कहने पर रायपुर के युवक मड़ई मेला देखने के लिए गए थे, सभी पेशे से ड्राइवर हैं। मृतक तथा दो अन्य अभनपुर के रहने वाले हैं। इसमें अजय गोंड फरार बताया जा रहा है। पुलिस अजय की पतासाजी कर रही है। मृतक फेब्रिकेशन का काम करता था। मृतक का साथी हेमंत भी पेशे से ड्राइवर है।

### हिस्ट्रीशीटर रवि...

के अनुसार रवि के गुर्गे जिन्हें कोर्ट ने सजा सुनाई है, वे बैग में गांजा रख कर ग्राहकों को पुड़िया बनाकर बेच रहे थे। इस दौरान ने मुखबिर की सूचना के आधार पर कालीबाड़ी चौक जहां रवि के गुर्गे गांजा बेच रहे थे, उन्हें पकड़कर पूछताछ की, तो उन लोगों ने रवि के कहने पर गांजा बेचे जाने का अपराध कबूल किया।

### 48 घंटे उत्तरी हिस्से में...

अधिकतम तापमान में भी हल्की वृद्धि इस दौरान होगी। प्रदेश का मौसम शुष्क ही रहेगा। रायपुर में आज धुंध छाए रहने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### डा. रज्जू को युवा रत्न पुरस्कार



**रायपुर।** विचार क्रांति प्रोत्साहन परिषद मध्यप्रदेश द्वारा रायपुर के प्रसिद्ध मनोचिकित्सक (एक्सीडेंटल इंजीनियर) डॉ. रज्जू कुमार को युवा रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान स्वामी विवेकानंद जयंती की पूर्व संध्या पर उनके समाजहित में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया। यह सम्मान विचार क्रांति प्रोत्साहन परिषद के संस्थापक डॉ. राजकुमार जायसवाल ने प्रदान किया।

### बुर्का और मास्क पर बैन मुस्लिम समाज ने की निंदा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सराफा व्यापार संघ ने मुंह ढांपकर, हेलमेट, बुर्का और मास्क पहनकर आने वाले लोगों के लिए दुकानों में एंट्री बैन करने का फैसला लिया है। साथ ही हेलमेट पहनकर आने वाले पुरुषों की भी एंट्री बैन की गई है, जिससे मुस्लिम समाज आहत है, क्योंकि बुर्का इस्लामी महिलाओं से संबंध पहचान रखता है और ये एक तरह समाज में मुस्लिम महिलाओं को गलत प्रदर्शित कर रहा है। इसकी सख्त निंदा करते हुए रजा यूनिटी फाउंडेशन के मो. फहीम हक्कानी ने छत्तीसगढ़ सराफा संघ को इस निर्णय को वापस लेने की मांग की है। फाउंडेशन ने राज्य के समस्त मुस्लिम समाज से अनुरोध किया है कि जब तक छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन अपने निर्णय को वापस नहीं लेता या बुर्का पहनी महिलाओं के लिए अलग से महिला स्टाफ की व्यवस्था नहीं करता, तब तक इनका बॉयकॉट किया जाए।

## निधन

### सुभद्रा गज्जलवार



**रायपुर।** रायपुर निवासी सुभद्रा गज्जलवार (90) का 15 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 16 जनवरी को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे प्रकाश गज्जलवार की माता थीं।

### धनंजय केशवर



**रायपुर।** तिलक नगर, जनता कॉलोनी निवासी धनंजय केशकर (43) का 14 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे अशोक केशकर के बड़े पुत्र और नितिन केशकर के बड़े भाई एवं चंद्रा केशकर के पति थे।

# कुम्हारी टोल प्लाजा जून से होगा पूरी तरह बंद, नागरिकों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को एनएचएआई, स्टेट हाईवे, लोक निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद घोषणा की कि जून 2026 से कुम्हारी टोल प्लाजा पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। इससे लाखों नागरिकों को वर्षों पुरानी परेशानी से स्थाई राहत मिलेगी।

श्री अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि जून में दुर्ग-आरंग बायपास के प्रारंभ होते ही कुम्हारी टोल प्लाजा बंद होगा, साथ ही मार्च 2026 के बाद किसी भी नए टेंडर पर रोक लगाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए हैं। बैठक में उन्होंने बताया, अक्टूबर 2026 से भारतमाला एक्सप्रेस-वे के शुभारंभ के साथ रायपुर को एक नए आधुनिक एक्सप्रेस-वे की सौगात मिलेगी, जिससे न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि औद्योगिक, आर्थिक और क्षेत्रीय विकास को भी नई गति मिलेगी। श्री अग्रवाल ने राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में सड़क, ओवरब्रिज, अंडरपास और एलिवेटेड रोड जैसी बुनियादी परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने कचना में निर्माणाधीन ओवरब्रिज का कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

## रायपुरवासियों को ट्राफिक जाम व दुर्घटनाओं से राहत दिलाने कार्ययोजना तैयार की जाए

### सुगम यातायात व्यवस्था देना हमारा संकल्प

श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि राजधानीवासियों को ट्रैफिक जाम, पार्किंग और दुर्घटनाओं से स्थाई राहत दिलाने के लिए एक समग्र और समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा, लंबित और स्वीकृत परियोजनाओं को शीघ्र पूरा कराया जाएगा तथा आवश्यक विषयों को आगामी लोकसभा सत्र में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने दोहराया कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से रायपुर को आधुनिक, सुरक्षित और जाम-मुक्त राजधानी बनाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा।

### रेल लाइन के किनारे एलिवेटेड रोड का प्रस्ताव



तेलीबांधा से जोरा ओवरब्रिज को वीआईपी रोड से एंट्री-एग्जिट देने की योजना और भनपुरी से जोरा तक रेल लाइन के किनारे एलिवेटेड रोड का प्रस्ताव तैयार करने, मुंबई–नागपुर समृद्धि एक्सप्रेस-वे का रायपुर विस्तार एवं रायपुर से लखनादौन (वाया सिमगा, कवर्धा) तक नई कनेक्टिविटी पर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए है। साथ ही रायपुर-बलौदाबाजार-सारंगढ़ रोड के उन्नयन की समीक्षा की। इसके साथ ही वीआईपी चौक और रिंग रोड पर जाम की समस्या को देखते हुए सर्विस रोड हटाने के निर्देश दिए हैं। कमल विहार सहित अन्य क्षेत्रों में ग्रेड सेपरेटर बनाने और रिंग रोड़ 1 पर डीडीयू नगर के पास अंडरपास बनाने और महावीर नगर से वीआईपी रोड अमलीडीह तालाब के ऊपर पुल बनाने की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में पंडरी में लगने वाले जाम से जनता को राहत दिलाने के लिए खालसा कॉलेज से मोवा तक 4.5 किमी लंबे पुल और अमलेश्वर से कुम्हारी तक खारुन नदी किनारे सड़क जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर चर्चा की। इसके अतिरिक्त, बलौदाबाजार में सीमेंट फैक्ट्रियों से जुड़े भारी वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने हेतु डेडीकेटेड कॉरिडोर की योजना बनाने के निर्देश भी दिए गए।

## संचालक के विरुद्ध कई प्रकरण बनाकर जुर्माना भी लगाया

# यह कैसी कार्रवाई- नोटिस का जवाब नहीं खदान में धड़ल्ले से जारी अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप


अवैध खदान में बेधड़क चल रहा खनन का कार्य, प्रशासन के आदेश की धज्जियां
खदानों से निकलने वाले वेस्ट मटेरियल से महानदी के साथ नहर का पानी भी हो रहा दूषित
महानदी भी 200 मीटर तक पट चुकी, पानी भी दूषित

रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र में महानदी के किनारे ग्राम निसदा में फर्शी खदान का संचालक पर्यावरण और खनिज विभाग के नियमों को दरकिनार कर न केवल खदान में बेखौफ धड़ल्ले से फर्शी पत्थर खनन करा रहा है, बल्कि दूसरी ओर खनिज विभाग द्वारा जारी नोटिस का भी जवाब अब तक नहीं दिया है। इससे पता चलता है कि खदान संचालक का इन दोनों विभाग के साथ राजस्व एवं प्रशासनिक अफसरों पर कितना दबाव है। विभागीय अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार इस खदान संचालक के विरुद्ध खनिज विभाग ने पूर्व में निर्धारित खसरा नंबर के रकबा क्षेत्र की भूमि की जगह उससे लगी भूमि पर खनन करा दिया था। इसकी शिकायत पर विभाग ने सीमांकन भी कराया था, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर संचालक के विरुद्ध कई प्रकरण बनाकर जुर्माना भी लगाया है। इसके बाद ही खदान को बंद कराई गई थी, लेकिन संचालक की दबंगई के आगे अब अफसर भी बेबस हैं। यही कारण है कि नोटिस जारी करने के बाद भी खदान में अवैध खनन लगातार जारी है।

आरंग क्षेत्र के ग्राम निसदा में फर्शी खदान का मामला इन दिनों काफी चर्चा में है। इस खदान में लगातार नियमों के विरुद्ध एवं बंद कराने प्रशासन के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए संचालन द्वारा किया जा रहा है। प्रशासन के आदेश और नियमों के विरुद्ध खदान में खनन कार्य का गांव के लोग भी जमकर विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभाग से लेकर प्रशासन सहित संबंधित विभागीय मंत्री, मुख्यमंत्री से लेकर पीएमओ कार्यालय तक इसकी शिकायत कर चुके हैं। इसके बाद भी इस खदान पर खनन पर रोक लगाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। खनिज विभाग ने सप्ताहभर पहले खदान संचालक को नोटिस जारी किया था। विभागीय सूत्रों के अनुसार खदान संचालक ने इस नोटिस का जवाब देना तो दूर, काम भी बंद नहीं कराया है। इसकी जानकारी विभाग के अफसरों को भी है। इसके बाद भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### महानदी-हरियाली को भी भारी नुकसान

खदान में चल रहे नियमों के विरुद्ध खनन के कारण महानदी को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है। या फिर यूं कहें कि महानदी का अस्तित्व भी खतरे में है, क्योंकि इस खदान से निकलने वाला वेस्ट मटेरियल, पत्थरों को महानदी के तटों पर ही डंप किया जा रहा है। इससे नदी के कई तट 200 मीटर तक पट चुके हैं। यही नहीं वेस्ट मटेरियल-पत्थरों के कारण नदी के किनारे तथा इससे लगी भूमि की हरियाली भी खत्म होती जा रही है। अब तक हजारों की संख्या में छोटे-बड़े पेड़-पौधों की बलि यहां संचालित खदानों के संचालक चढ़ा चुके हैं।

### नोटिस का जवाब नहीं आया

नोटिस का जवाब अभी नहीं आया है। इस मामले में खदान संचालक के विरुद्ध जो प्रकरण बनाए गए हैं, उन प्रकरणों पर केस दर्ज करा कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- **उमेश भार्गव**, सहायक खनिज अधिकारी रायपुर

# स्मार्ट नेविगेशन तकनीक से पहली इम्प्लांट सर्जरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- दोनों कान से सुन नहीं सकती थी 4 वर्षीय बालिका

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में स्मार्ट नेविगेशन (स्मार्ट नैव) तकनीक की सहायता से पहली द्विपक्षीय क्रमिक कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी की गई। यह सर्जरी जन्मजात गंभीर द्विपक्षीय श्रवण हानि से पीड़ित चार वर्षीय बालिका में की गई। कान, नाक एवं गला तथा हेड एंड नेक सर्जरी विभाग द्वारा की गई यह सर्जरी कॉक्लियर इम्प्लांटेशन में प्रयुक्त स्मार्ट नैव तकनीक के माध्यम से की गई, जो एक अत्याधुनिक नेविगेशन-सहायता प्राप्त प्रणाली है। यह तकनीक सर्जरी के दौरान इलेक्ट्रोड की सटीक स्थिति सुनिश्चित करने, शल्य-क्रिया की शुद्धता बढ़ाने, ऑपरेशन का समय कम करने तथा दीर्घकालिक श्रवण परिणामों को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होती है। एम्स डायरेक्टर अशोक जिंदल ने कहा, जन्म से श्रवण हानि से पीड़ित बच्चों में शीघ्र पहचान एवं समय पर चिकित्सकीय उपचार आवश्यक है।

### मुंबई के चिकित्सक भी हुए शामिल

यह जटिल सर्जरी सेठ गोविंदराम सखाराम मेडिकल कॉलेज के डॉ. हेतल मारफतिया एवं एम्स रायपुर के डॉ. रेनू राजगुरु द्वारा संयुक्त रूप से की गई। एम्स प्रबंधन के अनुसार, स्मार्ट नैव तकनीक सर्जरी के दौरान बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ-साथ इलेक्ट्रोड इंसर्शन के संबंध में रियल-टाइम फीडबैक उपलब्ध कराती है, जिससे संभावित आंतरिक आघात को न्यूनतम किया जा सकता है। इससे श्रवण एवं वाक विकास के परिणामों में उल्लेखनीय सुधार संभव होता है। नेविगेशन-सहायता प्राप्त कॉक्लियर इम्प्लांटेशन जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग सर्वोत्तम संभव उपचार में सहायक है।

# 5 स्लम बस्तियों का होगा पुनर्विकास, प्रभावितों को वहीं पर पक्के ईडब्लूएस आवास की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एएचपी स्कीम में प्रस्ताव
- डगनिया, आमापारा, भीमनगर, अमरपुरी, उत्कल नगर बस्ती

राजधानी की पांच घनी आबादी वाली झुग्गी बस्तियों के पुनर्विकास की योजना प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत डगनिया, आमापारा, भीमनगर, अमरपुरी और सिविल लाइन इलाके के आकाशवाणी के पास की उत्कल नगर बस्ती शामिल है। नगर निगम इन स्लम बस्तियों के रीडेवलपमेंट का प्लान बनाकर प्रभावित परिवारों के लिए उसी स्थान पर प्रधानमंत्री आवास योजना के भागीदारी में किफायती आवास के ईडब्लूएस आवास उपलब्ध कराएगा, ताकि उन्हें पक्के और सुरक्षित आवास मिल सके। शहर के स्लम बस्तियों के पुनर्विकास की योजना के तहत बस्ती में रहने वाले पात्र परिवारों को व्यवस्थापन के तहत उसी स्थान पर ईडब्लूएस फ्लैट बनाकर दिए जाएंगे। जी प्लस 6 मल्टीस्टोरी आवास रिडेलवपमेंट के तहत दिए जाने की योजना है। इसके लिए नगर निगम द्वारा डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है। धारावी मॉडल पर इन पांच बस्तियों का पुनर्विकास किया जाएगा। शहर विकास की योजना में इसे शामिल किया गया है।

# सुधर नहीं रहे व्यापारी, सड़क पर लगा रहे सामान, 23 हजार का कटा ई-चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



व्यावसायिक दुकानों के बाहर सड़क पर सामान रखने का चलन सा आ गया है। इस चलन के कारण सड़क पर यात्रियों का पैदल चलने से लेकर वाहन का चलना मुश्किल हो गया है।

इधर जिला प्रशासन के निर्देश पर टीम प्रहरी लगातार अभियान भी चला रही है। इस कड़ी में गुरुवार को जोन-4 क्षेत्र के गोलबाजार मार्ग पर अभियान चलाते हुए कई दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन पर जुर्माना लगाया है। इन दुकानदारों से कुल 23 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया।

### कड़ी कार्रवाई नहीं, इसलिए व्यापारियों में खौफ नहीं

सड़क तक दुकानों का सामान रखने वाले व्यापारियों के विरुद्ध अभी तक सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। जुर्माना के तौर पर साधारण राशि लेकर उनका सामान छोड़ दिया जाता है, जिसकी वजह से व्यापारियों में कार्रवाई का खौफ भी नहीं है। इधर नगर निगम ओर पुलिस विभाग के कुछ अफसरों का यह मानना भी है कि कड़ी कार्रवाई नहीं होने से व्यापारियों में कार्रवाई का डर नहीं है। अगर सामानों की जब्ती के साथ जुर्माना राशि बढ़ाई जाए, तो ऑटोमेटिक व्यवस्था सुधरने लगेगी।

### दुर्घटनाओं का कारण बन रहे सड़क तक रखे सामान

दुकानों के बाहर सड़क तक सामान रखे जाने से दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। सामान सड़क तक रखने के कारण दुकान में वाहन से पहुंचने वाले ग्राहक अपनी वाहन को सड़क पर ही खड़ाकरते हैं, जिसके कारण सड़क से गुजरने वाली गाड़ियां दुर्घटना का शिकार हो रही है और लोग घायल हो रहे हैं।

### नहीं सुधर रहे व्यापारी

शहर में ऐसे कई व्यवसायिक इलाके हैं, जहां के व्यापारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। ये व्यापारी अपनी-अपनी दुकानों में बिक्री बढ़ाने के लिए दुकानों का सामान सड़क तक लगा रहे हैं। इसके कारण शहर की सड़कें ही सकरी हो गई है, जिससे यातायात भी प्रभावित हो रहा है। सड़कों पर लग रहे सामानों को हटाने के लिए टीम प्रहरी का गठन किया है। इस टीम में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और नगर निगम के कर्मचारी शामिल है। टीम लगातार यातायात व्यवस्था को सुगम और सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए अभियान चलाकर सड़कों से कब्जों को हटाने की न केवल कार्रवाई कर रही है, बल्कि संबंधित व्यापारियों को भविष्य में ऐसा करने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी जाती है। इसके बाद भी व्यापारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं।

### गोलबाजार सहित कई व्यावसायिक इलाकों में अनेकों बार हो चुकी है कार्रवाई

गोलबाजार के अलावा मालवीय रोड, शास्त्रीबाजार, सुमित लाइन मार्ग, एवनग्रीन चौक, चूड़ी लाइन, लाखेनगर, पंडरी, संतोषीनगर, सुंदरनगर, राजेंद्रनगर, जीई रोड, पचपेड़ी नाका से सिद्धार्थ चौक सहित कई व्यवसायिक इलाके हैं, जहां के बाजार की दुकानों के बाहर व्यापारी अपना सामान दुकान के बाहर सड़क तक फैला कर रखते हैं। इन इलाकों में टीम प्रहरी कई दफे अभियान चलाकर दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई कर चुकी है, लेकिन कार्रवाई होने के कुछ दिनों बाद फिर दुकानदार सड़क पर सामान रखना शुरू कर देते हैं।

## बिजनेस साइट

### रायपुर में सिल्क वीव्स एक्सपो को मिल रहा शानदार रिस्पांस, अंतिम 4 दिन शेष



**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित गुरु तेगबहादुर भवन में आयोजित सिल्क वीव्स एक्सपो (वेडिंग स्पेशल एडिशन) को रायपुरवासियों का शानदार रिस्पांस मिल रहा है। यह प्रदर्शनी देश की समृद्ध हथकरघा परंपरा को प्रोत्साहन देने के साथ ही कारीगरों को सीधे ग्राहकों से जोड़ने का सशक्त मंच प्रदान कर रही है। एक्सपो के अब अंतिम चार दिन शेष हैं। सिल्क वीव्स एक्सपो के संचालक ने बताया कि यह भारत की सबसे बड़ी सिल्क प्रदर्शनी है और रायपुर में इसका अंतिम आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी 19 जनवरी तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। प्रवेश और पार्किंग पूरी तरह निशुल्क रखी गई है। प्रदर्शनी में देशभर के बुनकरों द्वारा तैयार की गई बनारसी, कांजीवरम, कोसा सिल्क, बेंगलुरु सिल्क, जामदानी और वेडिंग स्पेशल साड़ियों का विशाल संग्रह उपलब्ध है। इसके अलावा शॉल, स्टोल, लिनेन, वेडिंग एथनिक परिधान और अन्य हस्तनिर्मित उत्पाद भी आकर्षण का केंद्र हैं।

### विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स को मिला 'बिजनेस एक्सीलेंस अवॉर्ड'



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के ऑटोमोबाइल सेक्टर में तेजी से अपनी सशक्त पहचान बना रही विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स को एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। कंपनी के प्रबंध निदेशक यशवंत अग्रवाल को माय एफएम 'बिजनेस एक्सीलेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें छत्तीसगढ़ की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली ऑटोमोबाइल डीलरशिप के रूप में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने और अल्प समय में एक भरोसेमंद ब्रांड स्थापित करने के लिए प्रदान किया गया। विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स ने कम समय में ग्राहकों का विश्वास जीतकर उत्कृष्ट सेवा, पारदर्शिता और गुणवत्ता के उच्च मानक स्थापित किए हैं। कंपनी की ग्राहक-केंद्रित सोच और निरंतर बेहतर सेवाओं ने इसे प्रदेशभर में लोकप्रिय बनाया है। इस अवसर पर यशवंत अग्रवाल ने कहा कि यह सम्मान पूरी टीम की मेहनत और ग्राहकों के विश्वास का परिणाम है।

### सीएम साय करेंगे राडा ऑटो एक्सपो-2026 का भव्य शुभारंभ



**रायपुर।** राजधानी के श्रीराम बिजनेस पार्क में 20 जनवरी से बहुप्रतीक्षित राडा ऑटो एक्सपो-2026 का आयोजन किया जाएगा। 17 दिनों तक चलने वाले इस ऑटोमोबाइल महाकुंभ का भव्य उद्घाटन 21 जनवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस एक्सपो में ग्राहकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण सरकार द्वारा दी गई लाइफटाइम रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट होगी। राडा अध्यक्ष रविंद्र भसीन ने बताया कि उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। एक्सपो में एक ही छत के नीचे ऑन-द-स्पॉट बुकिंग, आसान फाइनेंस और इंश्योरेंस की सुविधा मिलेगी। वैश्विक कंपनियों के नवीनतम मॉडल भी प्रदर्शित किए जाएंगे। राडा पदाधिकारियों को इस वर्ष 50 हजार से अधिक वाहनों की बिक्री की उम्मीद है।

### एम्स रायपुर की ऑर्थोपेडिक्स टीम ने राज्य स्तरीय सम्मेलन में जीते चार स्वर्ण पदक




**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर के ऑर्थोपेडिक्स विभाग ने छत्तीसगढ़ चैप्टर ऑफ इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के 25वें वार्षिक सम्मेलन में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किए। सम्मेलन में डॉ. ऋषभ वर्मा को स्नातकोत्तर वर्ग में सर्वश्रेष्ठ शोधपत्र के लिए स्वर्ण पदक मिला। उनका शोध प्रो. डॉ. आलोक सी. अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। वहीं डॉ. निर्मल राठी ने स्नातकोत्तर शोधपत्र प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया, जिसका मार्गदर्शन प्रो. डॉ. संदीप नेमा ने किया। डॉ. ऋषभ वर्मा ने सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार भी जीता। इसके अतिरिक्त स्नातकोत्तर क्विज प्रतियोगिता में डॉ. ऋषभ वर्मा एवं डॉ. सुनीत की टीम प्रथम रही। इन उपलब्धियों से एम्स रायपुर की अकादमिक उत्कृष्टता और अनुसंधान क्षमता उजागर हुई है।

### साव बोले- किसानों का 'एक-एक दाना' खरीदेगी सरकार

**रायपुर।** प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव ने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा, प्रदेश सरकार की सफल और सुव्यवस्थित धान खरीदी प्रक्रिया से घबराकर कांग्रेस अब किसानों के बीच लगातार भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। धान खरीदी प्रारंभ होने से काफी पहले ही कांग्रेस ने यह दुष्प्रचार शुरू कर दिया था कि सरकार की कोई तैयारी नहीं है और वह धान खरीदना नहीं चाहती। हमारी सरकार किसानों का एक-एक दाना खरीदेगी, इसका हम भरोसा दिलाते हैं। श्री साव ने कांग्रेस के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताते हुए कहा, कांग्रेस केवल तरह-तरह की बातें कर किसानों को गुमराह करने में जुटी है, जबकि जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। श्री साव ने कहा, राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने धान खरीदी के लिए व्यापक और पुख्ता इंतजाम किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप आज प्रदेश भर के केंद्रों में नियमित रूप से धान की खरीदी हो रही है। किसानों को आश्वस्त करते हुए श्री साव ने कहा, मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वयं यह स्पष्ट कर दिया है कि किसान किसी भी प्रकार के संशय में न रहें और धैर्य रखें।

### श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ आज से

**रायपुर।** सिद्धेश्वर शिव मंदिर प्रांगण छत्तीसगढ़ नगर रायपुर में आज 16 जनवरी से श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन हो रहा है। प्रवचनकर्ता पं. आकाश उपाध्याय एवं परायनकर्ता सत्यम पांडे होंगे। 16 जनवरी को जल यात्रा बेदी पूजन, भागवत महात्मय, 17 जनवरी शुक देव जन्म परिक्षितजन्म कथा प्रारंभ, 18 जनवरी कदम देवहत्ती संवाद शिवमती चरित्र, ध्रुव चरित्र, 19 जनवरी प्रियवर चरित्र, भरत चरित्र-प्रहला चरित्र, 20 जनवरी को श्रीराम कृष्ण जन्म उत्सव, 21 जनवरी को बाल लीला श्री कृष्ण रुखमणी विवाह, 22 जनवरी को श्री कृष्ण सुदामा मिलन, 23 जनवरी को श्री कृष्ण स्वधाम गमन परिक्षित मोक्ष भागवत चढ़ौतरी, 24 जनवरी को गीता पाठ तुलसी वर्षा, हवन, तर्पण महस्त्रधारा, गीता चढ़ौतरी, प्रसाद (भंडारा) वितरण होगा। श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन समस्त मोहल्लेवासियों एवं भागवत समिति छत्तीसगढ़ नगर के द्वारा किया जा रहा है।

## पेज 9 के शेष

### मामूली एक्सीडेंट में ...

अभनपुर निवासी हेमंत साहू, कैलाश तिवारी तथा अजय गोंड मड़ई मेला देख कर लौट रहे थे। इस दौरान बीच रास्ते में स्कूटी का तेल खतम हो गया। इसके कारण वे अपनी दोपहिया में पेट्रोल डलवाने रांग साइड स्कूटी को धक्का मारते ले जा रहे थे। इस दौरान रायपुर से कार में सवार होकर मेला से लौट रहे दिलेश मंडावी, चंदन यादव तथा नीलेश सेन अभनपुर के पास ढाबा में खाना लेने जा रहे थे। उसी दौरान कार, स्कूटी से टकरा गई और उनके बीच इस बात को लेकर विवाद हुआ।

### घटना में शामिल ...

रिंकू तथा चंद्रशेखर के कहने पर रायपुर के युवक मड़ई मेला देखने के लिए गए थे, सभी पेशे से ड्राइवर हैं। मृतक तथा दो अन्य अभनपुर के रहने वाले हैं। इसमें अजय गोंड फरार बताया जा रहा है। पुलिस अजय की पतासाजी कर रही है। मृतक फेब्रिकेशन का काम करता था। मृतक का साथी हेमंत भी पेशे से ड्राइवर है।

### हिस्ट्रीशीटर रवि...

के अनुसार रवि के गुर्गे जिन्हें कोर्ट ने सजा सुनाई है, वे बैग में गांजा रख कर ग्राहकों को पुड़िया बनाकर बेच रहे थे। इस दौरान ने मुखबिर की सूचना के आधार पर कालीबाड़ी चौक जहां रवि के गुर्गे गांजा बेच रहे थे, उन्हें पकड़कर पूछताछ की, तो उन लोगों ने रवि के कहने पर गांजा बेचे जाने का अपराध कबूल किया।

### 48 घंटे उत्तरी हिस्से में...

अधिकतम तापमान में भी हल्की वृद्धि इस दौरान होगी। प्रदेश का मौसम शुष्क ही रहेगा। रायपुर में आज धुंध छाए रहने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### बगैर मान्यता प्रवेश छात्रों का प्रदर्शन

**रायपुर।** एबीवीपी द्वारा दावड़ा विवि के तेलीबांधा स्थित सिटी ऑफिस में विवि प्रशासन की छात्र-विरोधी एवं अनैतिक कार्यप्रणाली के खिलाफ ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन फॉर्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया की मान्यता के नाम पर छात्रों को गुमराह कर प्रवेश देने, पूर्ण फीस रिफंड न करने एवं पीड़ित छात्रों को उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग को लेकर सौंपा गया। अभाविप का स्पष्ट आरोप है कि प्रवेश के समय छात्रों को यह कहकर भ्रमित किया गया कि विश्वविद्यालय को काउंसिल से मान्यता प्राप्त है, जबकि वास्तविकता इससे विपरीत है।

### विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों की दी प्रस्तुति



**रायपुर।** आकांक्षा लायंस इंस्टिट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पावरमेंट बिरगांव में गुरुवार को वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गया। इस अवसर पर सामूहिक वंदेमातरम गान किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण देशप्रेम से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, कविता पाठ एवं भाव-प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों ने अपनी क्षमता अनुसार सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। शिक्षकों द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों में देशप्रेम, राष्ट्रीय चेतना एवं सांस्कृतिक मूल्यों के विकास में अत्यंत प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक और कर्मचारियों का भरपूर सहयोग रहा।

### रसायनज्ञ भर्ती परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी

**रायपुर।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रसायनज्ञ भर्ती परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी कर दिए गए हैं। 11 जनवरी को व्यापम ने यह परीक्षा आयोजित की थी। अभ्यर्थी व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर मॉडल आसंर का अवलोकन कर दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। प्रक्रिया सहित विस्तृत जानकारी व्यापम वेबसाइट पर अपलोड है।

### महंगाई भत्ते में वृद्धि का आदेश जारी, एक जनवरी से मिलेगा लाभ

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा राज्य के शासकीय कर्मचारियों को मिल रहे 55 प्रतिशत महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी किए जाने की घोषणा के बाद वित्त विभाग द्वारा यह आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार अब राज्य के शासकीय कर्मचारियों को एक जनवरी से 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा।

# इस बार पेपरलेस होगी बाघों की गणना, एनटीसीए को भेजी जाएगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/जगदलपुर

बाघों की गणना एक बार फिर शुरू की गयी है। एनटीसीए के निर्देश पर इस वर्ष बाघों की गणना हाईटेक तरीके से पेपरलेस होगी। बाघों की गणना मोबाइल एप एम स्ट्रीप से की जाएगी। मैनुअल तरीके से कलेक्ट किए गए स्कैट (मल) के साथ अन्य साक्ष्य की जानकारी मोबाइल एप के माध्यम से एनटीसीए के पास भेजी जाएगी। बाघों की गणना का कार्य राज्य के चारों टाइगर रिजर्व के साथ बाघों के मूवमेंट वाले अभयारण्य क्षेत्र में अलग-अलग फेस में जारी है।

अफसरों के अनुसार बाघों की पहचान और गणना अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक से हो रही है। पहले जहां यह काम कैमरा ट्रैप और मानव विश्लेषण पर निर्भर था, वहीं अब मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग मॉडल्स की मदद से हर बाघ की धारियों के विशिष्ट पैटर्न से उसकी डिजिटल पहचान (टाइगर आइडी) बनाई गई। यह प्रणाली न केवल गणना को सटीक बनाएगी, बल्कि शिकारियों की गतिविधियों पर भी वास्तविक समय में नजर रखेगी।

**खास खबर**

### बैठक में संख्या 35 होने का दावा

राज्य वन्यजीव कल्याण बोर्ड की बैठक में राज्य में बाघों की संख्या वर्ष 2022 की तुलना में 17 से बढ़कर 35 होने का दावा किया गया है। इनमें सबसे ज्यादा बाघ अचानकमार टाइगर रिजर्व में 18 तथा गुरु घासीदास-तमोर पिंगला 7, इंद्रावती 6, भोरमदेव वन्यजीव अभयारण्य 3 और उदंती-सीतानदी में 1 बाघ होने का दावा किया गया है, जो वर्तमान में बलौदाबाजार वनमंडल में आने के बाद से मिसिंग है।



- राज्य में बाघों की संख्या 17 से बढ़कर 35 होने का अनुमान
- अचानकमार टाइगर रिजर्व में सबसे ज्यादा 18 बाघ होने का अनुमान

### इस तरह होगी पेपरलेस गणना

बाघों की पेपरलेस गणना करने वनकर्मी एम स्ट्रीप एप में जो डेटा फीड करेंगे, उसमें जीपीएस लोकेशन रिकार्ड करने की सुविधा रहेगी। इससे बाघों के वास्तविक लोकेशन की जानकारी मिलेगी। बाघों के फूट प्रिंट, मल, खरोंच के निशान और शिकार के अवशेषों की जानकारी ऐप के जरिए दर्ज की जाएगी। बाघों की गणना के लिए जो कैमरा ट्रैप लगाए जाएंगे, उसमें दो बाई दो किलोमीटर ग्रिड के कैमरे लगाए जाएंगे। इसमें बाघों की तस्वरें कैद होंगी। कैमरा ट्रैप में बाघों के साथ तेंदुआ, हाथी और अन्य बड़े जानवरों की भी गिनती होगी।

### सिस्टमेटिक कैमरा ट्रैप की कमी

सिस्टेमेटिक कैमरा टैपिंग के लिए कई टाइगर रिजर्व में भी पर्याप्त कैमरा ट्रैप उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में सामान्य वन मंडल में कैमरा टैपिंग की संभावना बहुत कम है। इसके कारण राज्य के कई क्षेत्रों से बाघों का आकलन सही ढंग से नहीं हो पा रहा है। कैमरा टैपिंग का अभाव होने से बाघों की सही तरीके से मॉनिटरिंग नहीं होती, जिससे उन पर शिकार होने की संभावना बढ़ जाती है। राज्य के नए टाइगर रिजर्व गुरु घासीदास में कैमरा ट्रैप का अभाव है।

## खनिज से राज्य शासन को मिलेगा 17 हजार करोड़ का राजस्व

# छत्तीसगढ़ लीथियम खदान की नीलामी करने वाला देश का पहला राज्य बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खनिज विभाग के सचिव पी. दयानन्द ने बताया कि छत्तीसगढ़ लीथियम खदान की नीलामी करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। केन्द्र सरकार द्वारा कोरबा जिले के कटघोरा तहसील अन्तर्गत लीथियम और दुर्लभ खनिज की नीलामी की गयी है। राज्य में लीथियम खदान खुलने से स्थानीय बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। वर्तमान परिदृश्य में क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक मेनरल्स की महत्ता काफी बढ़ गई है, जिसके दृष्टिगत छत्तीसगढ़ राज्य के सुकमा तथा बस्तर जिले के बेंगपाल एलिंगनार कोमाकोलेंग क्षेत्र में लीथियम, नियोबियम, टेंटेलम तथा आरईई खनिज की खोज के लिए अधिसूचित प्राइवेट सेक्टर एक्सप्लोरेशन एजेंसियों के माध्यम से एनएमईटी के तहत 1 परियोजना स्वीकृत की गई है।

प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार के दो साल के कार्यकाल का सीएमडीसी के अध्यक्ष सौरभ सिंह के साथ पत्रकार वार्ता में मौजूद सचिव, भौमिकी एवं खनिकर्म पी. दयानंद ने लेखा-जोखा दिया। सचिव ने बताया कि योजनाबद्ध खनन नीतियों से राज्य के खनिज राजस्व में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। खनिज विभाग के सचिव पी. दयानन्द ने कहा, राज्य गठन के समय 429 करोड़ खनिज राजस्व में वृद्धि करते हुये अपने रजत जयंती वर्ष 2024-25 तक 14,592 करोड़ हो गया है। चालू वित्तीय वर्ष में माह दिसम्बर तक खनिजों से लगभग 10,345 करोड़ राजस्व प्राप्त हो चुका है एवं वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक लगभग 17,000 करोड़ लक्ष्य की पूर्ति हेतु अग्रसर है। छत्तीसगढ़ राज्य देश में कुल खनिज उत्पादन का औसतन 17 प्रतिशत हिस्सेदारी में योगदान है तथा राज्य के कुल सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 10 प्रतिशत योगदान दे रहा है।

**सचिव भौमिकी एवं खनिकर्म पी. दयानंद ने दो साल किया काम**



### क्रिटिकल मिनरल्स की खोज पर फोकस

उन्होंने कहा, केन्द्र सरकार द्वारा खनिज अधिनियम में संशोधन करते हुए. देश में खनिजों की खोज हेतु राष्ट्रीय खनिज खोज विकास न्यास (एनएमईडीटी) गठन किया गया। उक्त न्यास मद में वर्ष 2015-16 से अब तक माह दिसम्बर 2025 तक 1,159 करोड़ रुपये जमा किया जा चुका है। सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री के मंशानुसार क्रिटिकल मिनरल्स को विकसित भारत 2047 की दृष्टिगत में अति-महत्वपूर्ण माना गया है। भारत सरकार द्वारा नेशनल क्रिटिकल मिशन लागू किया गया है। जिससे क्रिटिकल मिनरल्स की खोज एवं दोहन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### भविष्य की कार्ययोजना

पिछले 2 वर्षों में सीएमडीसी के द्वारा नवीन आयाम स्थापित किये है। वहीं भविष्य के परियोजनाओं को अपेक्षित गति प्रदान करने के लिए कार्ययोजना तैयार कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सीएमडीसी भी सहभागिता निभाने का प्रयास कर रही है। टिन खनिज के लिए नॉन ऑपरेशन खदान को लैप्स घोषित किया गया एवं केन्द्र सरकार के माध्यम से नीलामी की कार्रवाई प्रचलन में है। आगामी 2 से 3 वर्षों में खदान प्रारंभ होने से भविष्य में खनन एवं निकासी से राज्य शासन को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। टिन स्लैग में अवस्थित टेंटलम, नियोबियम एवं अन्य को निष्कर्षण की कार्ययोजना तैयार कर पायलट परियोजना प्रारंभ की जा रही है।

### डीएमएफ से मिला 16 हजार करोड़ से अधिक का अंशदान

सचिव ने बताया कि खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी प्रधानमंत्री खनिज कल्याण क्षेत्र योजना गाईड लाईन-2024 के मार्गदर्शी सिद्धांतों को आत्मसात कर छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम में संशोधन किये गये है। अब तक डीएमएफ अन्तर्गत 16,742 करोड़ का अंशदान प्राप्ति हुई है, जिसका खनन प्रभावित क्षेत्रों/लोगों के विकास हेतु 1.07,689 कार्यों की स्वीकृति की गई है, जिसमें से 75,901 कार्य पूर्ण हो गये है तथा शेष प्रगतिरत है। उन्होंने बताया कि डीएमएफ निधि के समायोजन द्वारा कुल जिला खनिज संस्थान अन्तर्गत होने वाले कार्यों का समुचित निगरानी, वित्तीय स्वीकृति, प्रबंधन एवं नियंत्रण एवं उत्तरदायिता के साथ कार्य किये जाने हेतु केन्द्र सरकार के डीएमएफ पोर्टल की भांति राज्य डीएमएफ पोर्टल 2.0 लागू किया गया है।

# पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से युवक की मौत कांग्रेस ने किया घेराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 50 लाख मुआवजे व दोषियों पर कार्रवाई की मांग

पीडब्ल्यूडी विभाग की गंभीर लापरवाही के कारण सड़क पर बनाए गए गड्ढे में गिरकर निर्दोष युवक मुन्ना यादव की मौत के मामले को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में काली मंदिर, आकाशवाणी के निकट स्थित पीडब्ल्यूडी कार्यालय का घेराव किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस दौरान कार्यालय के बाहर पुलिस प्रशासन एवं राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, ओवरब्रिज निर्माण के लिए बीच सड़क पर गहरा गड्ढा खोद दिया गया, लेकिन न तो पर्याप्त बैरिकेडिंग की गई, न चेतावनी बोर्ड लगाए गए। न ही रात के समय लाइट की व्यवस्था की गई। इस घोर लापरवाही के कारण एक गरीब, मेहनतकश युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही से हुई हत्या है। कांग्रेस पार्टी मांग की है कि इस घटना के लिए जिम्मेदार पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, कर्मचारी एवं संबंधित निर्माण एजेंसी पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही मृतक युवक के परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा दी जाए, ताकि पीड़ित परिवार को कुछ राहत मिल सके।

### ये थे मौजूद

इस दौरान कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा, सुबोध हरितवाल, आकाश तिवारी, एजाज ढेबर, मनोज कंदोई, शिव सिंह ठाकुर, दिलीप चौहान, सुनील कुकरेजा, जयंत साहू, देवेंद्र यादव, बाकर अब्बास, अजीत कुकरेजा, अमित नायडू, देव कुमार साहू, विजय कुमार टंडन, सुयश शर्मा, कमल धृतलहरे, राजू सोनी, प्रवीण चंद्राकर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संतोषीनगर से भाठागांव चौक के बीच अंडरब्रिज बनाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- टिकरापारा क्षेत्र के रहवासियों ने महापौर मीनल चौबे से की मांग

नगर निगम द्वारा सिद्धार्थ चौक टिकरापारा से संतोषीनगर चौक तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण कार्य को स्थगित कर इसके स्थान पर संतोषी नगर चौक से भाठागांव चौक के बीच अंडरब्रिज बनाने की मांग टिकरापारा के रहवासियों ने की है। इस संबंध में स्थानीय रहवासियों ने गुरुवार को महात्मागांधी सदन के महापौर कक्ष में महापौर मीनल चौबे से मिलकर आवेदन दिया। इस मुलाकात में नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, पूर्व पार्षद समीर अख्तर, गुरविंदर सिंह चड्डा और दीपक गुप्ता प्रमुख रहे। टिकरापारा के रहवासियों और व्यापारियों ने सिद्धार्थ चौक टिकरापारा से लेकर संतोषीनगर चौक तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण स्थगित करने महापौर मीनल चौबे को पत्र दिया है। उसके स्थान पर संतोषीनगर चौक से भाठागांव चौक के बीच अंडरब्रिज बनाए जाने की मांग करते हुए आवेदन दिया।

# मकर संक्रांति पर हनुमान मंदिर में बांटा खिचड़ी प्रसाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मकर संक्रांति के अवसर पर बुढ्ढेश्वर चौक स्थित संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर प्रांगण में गुरुवार को खिचड़ी प्रसादी का आयोजन किया गया। यहां भगवान हनुमान को भोग लगाने के बाद सभी धर्मों और वर्गों के श्रद्धालुओं में प्रसाद बांटा जाता है, जिससे सुख-शांति, सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश फैलता है। सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और हनुमानजी के दर्शन का लाभ भी लिया। इस अवसर मंदिर समिति के सदस्य महंत राजेश शर्मा एवं पुजारी राजेश तिवारी, प्रशांत पांडे, भारत पांडे, कामेश तिवारी, इंद्रजीत सोनी, मदन मोहन चौबे, शिवा श्रीवास्तव, आनंद शर्मा, सचिन शर्मा, स्मिता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### मनवा कुर्मी समाज का वार्षिक अधिवेशन 18 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा 18 जनवरी को 80वां वार्षिक राज अधिवेशन कबीर नगर स्थित स्व. श्रीमती सरिता वर्मा स्मृति सभा भवन (नंदनवन) अटारी में होगा। यह जानकारी समाज के पदाधिकारियों ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री व पाटन विधायक भूपेश बघेल होंगे। अध्यक्षता छग मनवा कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप करेंगे। विशेष अतिथि कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, कुर्मी समाज के राजप्रधान जगेश्वर प्रसाद वर्मा, दुर्ग सांसद विजय बघेल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत आदि शामिल होंगे।

# वाहन चोरी के दो अलग-अलग मामलों में 40 दोपहिया जब्त, दो दर्जन शातिर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- गिरफ्तार आरोपियों में चोरी के वाहन खपाने वाले शातिरों को भी पुलिस ने किया है गिरफ्तार

राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में लगातार हो रही दोपहिया चोरी से पुलिस के साथ वाहन मालिक परेशान हैं। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर क्राइम ब्रांच के साथ अलग-अलग थाना क्षेत्र की पुलिस की टीम गठित कर दोपहिया वाहन चोर गिरोह को पकड़ने अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में वाहन चोरी करने तथा खपाने वाले दो दर्जन शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 40 दोपहिया वाहन जब्त किया है।

पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोप में जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनके खिलाफ पूर्व में मारपीट, चाकूबाजी, चोरी सहित कई अन्य गंभीर अपराध अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। वाहन चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस की अलग-अलग टीम ने रवि भवन सहित अन्य भीड़ वाले इलाके के निजी पार्किंग के साथ रेलवे स्टेशन, इंटर स्टेट बस टर्मिनल, मल्टी लेवल तथा जयस्तंभ चौक स्थित पार्किंग की निगरानी कर संदिग्धों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उन लोगों ने वाहन चोरी रैकेट में शामिल अपने अन्य साथियों के नाम बताए।

### मास्टर चाबी बनाकर उड़ाते थे दोपहिया



दोपहिया वाहन चोरी करने वाले एक रैकेट के पुलिस ने 21 शातिरों को गिरफ्तार किया है। उनमें 17 चोरी के दोपहिया खरीदने वाले भी शामिल हैं। रैकेट में मौदहापारा की हिस्ट्रीशीटर मुस्कान रात्रे तथा उसके भाई रोशन रात्रे का नाम भी शामिल है। रैकेट का सरगना रोशन रात्रे है। वह पार्किंग के अलावा अन्य स्थानों से मास्टर चाबी से स्कूटर जैसी दोपहिया चोरी करता था। मुस्कान तथा उसके दो अन्य साथी चोरी के दोपहिया वाहन खपाने का काम करते थे। एक अन्य मामले में पुलिस ने मौदहापारा थाना क्षेत्र के तीन शातिरों को गिरफ्तार किया है।

### दोपहिया वाहन चोरी के आरोप में इनकी गिरफ्तारी

रोशन रात्रे, कमल जांगडे, गितेश कुमार पाटले, मुस्कान रात्रे, कुलेश्वर मारकण्डेय, साहिल रात्रे, लोकेश कुमार साहू, भीषम मारकण्डेय, हरीशचंद्र यादव, ओमप्रकाश गायकवाड़, धनेश्वर टण्डन, केदार पाटले, अनुप कुमार जांगड़े, संजय कुमार, प्रीतम चंदेल, विनोद पाटले, संतोष निर्मलकर, मनोज बघेल, सागर लहरे, इंजमाम बंजारे, मांटू बघेल। दूसरे मामले के आरोपी शहजाद अली उर्फ भिंडी, बाबू खान, अली खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# किसानों को सत्यापन के नाम पर किया जा रहा अपमानित, टोकन जारी करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- खौना समिति द्वारा किए जा रहे सत्यापन का किसानों ने किया विरोध



सरकार कभी सत्यापन अनिवार्यता समाप्त करने का मौखिक आदेश देती है और कभी सत्यापन अनिवार्य करने का आदेश देती है, जिसके कारण किसानों को समस्याएं हो रही हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को खौना समिति द्वारा सरकार के आदेशानुसार विभिन्न किसानों के कोठार में जाकर भौतिक सत्यापन किया जा रहा था।

किसान नेतराम वर्मा के खलिहान में जांच कर रहे कृषि विस्तार अधिकारी एवं समिति प्रभारी का किसानों ने जांच का विरोध किया। साथ ही मांग की है कि संबंधित किसान, जिसका टोकन नहीं कटा है, उसे तत्काल बिना जांच के टोकन जारी करें। आज सभी किसानों ने जांच का विरोध कर सरकार के निर्णय को तुगलकी फरमान बताया। इस मौके पर किसान नेता एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा कि सरकार के किसान विरोधी रवैये के चलते किसानों को अपमानित किया जा रहा है। जांच पर तत्काल रोक लगाकर टोकन जारी करने का आदेश जारी करें, साथ ही विभिन्न समितियों में खरीदी लिमिट बढ़ाएं। खरीदी की समयसीमा बढ़ाने का आदेश जारी करें, जिससे किसान सुगमता से धान बेच सकें। खौना में विभिन्न किसानों द्वारा इस निंदनीय कृत्य का विरोध किया गया। विरोध करने वाले किसानों में नेतराम वर्मा, हेमंत सिंह ठाकुर, विवेक सिंह ठाकुर, घनश्याम वर्मा, भीम पटेल, घनश्याम धीवर, जीवन वर्मा, जीवन पटेल, यशवंत धीवर, रामशरण धीवर, आनंद ठाकुर, रूपेंद्र वर्मा, युधिष्ठिर पटेल, जितेंद्र वर्मा, मुकेश ठाकुर आदि उपस्थित थे।






हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## लाइव इवेंट

### एनआईटी में सेल्फ फाइनेंस्ड शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम 19 से



**रायपुर।** एनआईटी में खनन इंजीनियरिंग विभाग द्वारा सेल्फ फाइनेंस्ड शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का विषय 6 तक एक सप्ताह का सेल्फ फाइनेंस्ड शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का विषय "रिस्पॉन्सिबल एंड सस्टेनेबल माइनिंग : करेंसी फॉर मॉडर्न वर्कफोर्स" रखा गया है। यह आयोजन 19 जनवरी से 23 जनवरी तक आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के संरक्षक एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव होंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता खनन इंजीनियरिंग विभाग के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार देवांगन द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस डॉ. प्रेमसागर मिश्रा व समन्वयक खनन इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विनीत बालकृष्णन रहेंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य खनन क्षेत्र में हो रहे तेज बदलावों और वैश्विक चुनौतियों के प्रति प्रतिभागियों को संवेदनशील और सक्षम बनाना है।

#### संबंधित विशेषज्ञ होंगे शामिल

इस कार्यक्रम में खनन क्षेत्र से जुड़े प्रोफेशनल्स, इंजीनियर्स, फैकल्टी मेंबर्स, रिसर्चर्स, पोस्टग्रेजुएट और डॉक्टोरल स्टूडेंट्स, पॉलिसीमेकर्स तथा माइनिंग ऑर्गनाइजेशन्स के रिप्रेजेंटेटिव्स भाग लेंगे। यह पहल जिम्मेदार खनन और सतत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एनआईटी के निरंतर प्रयासों को दर्शाएगी। इन सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को सस्टेनेबल माइनिंग प्लानिंग, एनवायरनमेंटल प्लानिंग , माइन क्लोजर एंड रिक्लामेशन , ऑटोमेशन एंड स्मार्ट माइनिंग सिस्टम, ड्रोन बेस्ड मॉनिटरिंग, ईएसजी परफॉर्मेंस इंडिकेटर तथा कम्युनिटी इंगेजमेंट जैसे विषयों की गहरी समझ प्राप्त होगी।

"छत्तीसगढ़ की बैम्बू आर्ट से बने होम डेकोरेटिव आयटम्स की देशभर में मांग बढ़ गई है। इसमें देवी-देवताओं की बैम्बू से बनी मूर्तियां और सेलिब्रिटीज की स्टैचू लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। शहर के वन विभाग के बैम्बू एम्पोरियम में बांस से बक्कल, ट्रे, कप, झूमर, लैंप कवर, बांसुरी, हैट, लेडिज हैंड पर्स, फर्नीचर टी-टेबल, सोफे, बुक सेल्फ, पार्टिसन फ्रेम, गणेशजी, दुर्गा माता सहित अलग-अलग देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाई जा रही हैं।"

# बैम्बू आर्ट से बने होम डेकोरेटिव और दिव्य मूर्तियों की दिल्ली तक धमक

## छत्तीसगढ़ की बांस शिल्पकारी के सामान की देश-विदेश में डिमांड

**रायपुर।** बैम्बू आर्ट से बने इन होम डेकोरेटिव सामान की प्रदेश सहित दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात समेत कई महानगरों में मांग हो रही है। बैम्बू एम्पोरियम के सुपरवाइजर धर्मेंद्र पटेल ने बताया कि वनांचल क्षेत्रों के ज्यादातर बांस के शिल्पकार बैम्बू से सुंदर और उपयोगी इको-फ्रेंडली कलाकृतियां बना रहे हैं, इनमें मूर्तियां, फर्नीचर और सजावटी सामान शामिल हैं। बस्तर के शिल्पकार बांस की साइकिल तक बनाए हैं। बम्बूका जैसे इको-फ्रेंडली उत्पाद बना रहे हैं, जो स्थानीय आदिवासी कला को नया जीवन दे रहे हैं। ये शिल्पकार जांजगीर-चांपा, बस्तर और धमतरी जैसे जिलों से हैं और घर-घर में आत्मनिर्भरता बढ़ा रहे हैं।





### 1000 से 40 हजार रुपए तक कीमत

बैम्बू आर्ट क्रॉफ्ट की कीमत 1000 रुपए की लेडिज हैंड पर्स से शुरू है। वहीं 40 हजार रुपए के फर्नीचर सेट, 20 हजार रुपए का हॉल पार्टिसन फ्रेम, 5 हजार रुपए की बुक शेल्फ, 1500 रुपए का लैंप कवर, 500 रुपए की वॉल हैंगर, बैंम्बू क्रॉफ्ट सिनेरियो, 700 रुपए की फ्रूट्स स्टोर बास्केट, 1200 रुपए की झूमर जैसे तरह-तरह के बैम्बू क्रॉफ्ट उपलब्ध हैं।

### इंटरनेशनल बाजार तक डिमांड

बैम्बू आर्ट के शिल्पकार स्वयं ओपन मार्केट में और वन विभाग के साथ मिलकर इंटरनेशनल बाजार तक अपनी कला से तैयार सामान पहुंचा रहे हैं। यह कला न केवल पारंपरिक संस्कृति को बचाती है, बल्कि युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर रोजगार भी देती है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बस्तर की कला को बढ़ावा मिल रहा है, जैसे फ्लिपकार्ट के साथ साझेदारी।

### इन जिलों से सबसे अधिक उत्पादन

बस्तर, जगदलपुर, सरगुजा, नारायणपुर, गरियाबंद, धमतरी, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा आदि जिलों में बांस की शिल्पकारी सबसे अधिक हो रही है। यहां के स्थानीय शिल्पकारों को शासन प्रशिक्षित व प्रोत्साहित कर रहा है, जिससे दुनियाभर में राज्य के बांस शिल्प उत्पादों को मांग बढ़ी है और शिल्पकारों को एक नई पहचान तथा रोजगार का जरिया मिला है।

## सिटी इवेंट

### मैथ्स के किसी भी फार्मूले को लेकर डाउट हो तो उसे मैथ्स टीचर्स से करें क्लीयर



**रायपुर।** बोर्ड एग्जाम में सफलता और मेरिट में स्थान पाने के लिए विद्यार्थियों को नियमित तौर पर क्लास के बाद घर पर जाकर रोजाना मैथ्स के सवालों को रिवाइज करना चाहिए। साथ ही मैथ्स के किसी भी फार्मूले को लेकर डाउट हो तो उसे मैथ्स टीचर्स से क्लीयर करें। फिर घर पर उसकी प्रैक्टिस करें। मैथ्स का विषय नियमित प्रैक्टिस मांगता है। प्रैक्टिस से ही मैथ्स विषय के सवालों व फार्मूलों को समझा व याद रखा जाना संभव है। ऐसे करने से एग्जाम हॉल में सवालों व उनको हल करने के सूत्रों को भूलेंगे नहीं। ये टिप्स कुशालपुर गवर्नमेंट हाईस्कूल की लेक्चरार, मैथ्स टीचर श्वेता बारिक ने बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को दिए। उन्होंने कहा कि हम स्कूल में बच्चों को बोर्ड एग्जाम पैटर्न के अनुरूप तैयारी कराते हैं, ताकि वे एग्जाम में सफल हो सकें। इसके लिए निर्धारित बोर्ड पैटर्न के अनुसार सिलेबस बेस सवालों को अंक विभाजन के हिसाब से हल कराना शामिल है। इसके लिए क्लासरूम में 10वीं के मैथ्स विषय के सिलेबस में विद्यार्थियों को बहुपद ज्यामितीय, आयकर, त्रिकोणमिति, समीकरण, बीजगणित, अनुपात, समानुपात, योगअनुपात, बहुलक, आवर्ती जमा खाता और सावधि जमा खाते, पाइथागोरस प्रमेय, थेल्स के प्रमेय से जुड़े फार्मूलों को प्रैक्टिस से समझाने व याद रखने के तरीके बताते हैं।

#### चैप्टर की तैयारी ही बोर्ड एग्जाम की बेस्ट तैयारी

सिलेबस, ब्लूप्रिंट और अंक विभाजन के अनुरूप ही चैप्टर की तैयारी ही बोर्ड एग्जाम की बेस्ट तैयारी का तरीका है। मैथ्स विषय के इस तैयारी को विद्यार्थी भी बड़ी रुचि के साथ पढ़ाई करते हैं। इस तरह से स्टूडेंट्स इस वर्ष बोर्ड एग्जाम की तैयारी कर रहे हैं।

#### क्लास में यूनिट टेस्ट, प्री-बोर्ड के सवालों को करें हल

दानी गर्ल्स स्कूल के लेक्चरार, मैथ्स टीचर सीके वर्मा 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए टिप्स देते हुए बताते हैं कि बोर्ड एग्जाम का पैटर्न सिलेबस+ब्लूप्रिंट+अंक विभाजन पर आधारित होता है। इसी के आधार पर हम बच्चों को गणित विषय के सवालों, सूत्रों की प्रैक्टिस कराते हैं। स्टूडेंट्स को परीक्षा में सफलता के साथ ही अच्छे अंक हासिल करने हैं तो क्लास में यूनिट टेस्ट, प्री-बोर्ड एग्जाम के सवालों को नियमित घर पर हल करना चाहिए।

## लुमिनारा फैशन समिट आज सजेगा लाइफ स्टाइल कॉर्नर

रायपुर। छत्तीसगढ़ का अपना फैशन और मार्केटिंग शिखर सम्मेलन लुमिनारा का भव्य आयोजन होने वाला है। शहर के वीआईपी रोड स्थित द हाउस ऑफ लोकल में यह आयोजन 16 जनवरी को होगा। दोपहर 2 बजे से रात 9 बजे तक द्विवार्षिक शिखर सम्मेलन का उद्देश्य क्षेत्र में एक सुव्यवस्थित फैशन और जीवनशैली का वातावरण देना है। फैशन के विकास में सहयोग करने के लिए डिजाइनर्स , ब्रांडों और उद्योग जगत से जुड़े पेशेवर इस सम्मेलन का हिस्सा बनेंगे। यह खास अवसर इसलिए भी होगा, क्योंकि उपभोक्ताओं को एक साथ लाना है। यह जानकारी गुरुवार को प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान लुमिनारा फैशन एंड मार्केटिंग समिट की आयोजक प्रिया लालवानी एवं उनकी टीम ने दी।



### प्रतिभागियों को मंच देने आयोजन

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का तीसरा संस्करण द वेलवेट अफेयर थीम पर आधारित है। यह उस विलासिता की याद दिलाता है, जिसे हम सभी अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहते हैं। इसमें कई डिजाइनरों द्वारा फैशन शोकेस, पैनल चर्चाएं, ब्रांड स्टॉल और इंटरैक्टिव एक्सपीरियंस जोन भी होंगे। एक समर्पित फैशन और लाइफ स्टाइल कॉर्नर भी होगा। जहां उपस्थित लोग समकालीन फैशन और क्षेत्रीय जीवनशैली से जुड़ सकेंगे। बदलते उपभोक्ता वर्ग और फैशन एवं लग्जरी में बढ़ती रुचि को देखते हुए एक मंच के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। जहां सक्रिय खरीदार, उपभोक्ता, डिजाइनर, क्यूरेटर और ट्रेंड सेटर मौजूद है। जो बढ़ते फैशन को बढ़ावा देने में योगदान दे रहा हैं।

## बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट में कशिश बनीं गोल्ड मेडलिस्ट

**रायपुर।** कमला देवी संगीत महाविद्यालय की छात्रा कशिश चंद्राकर ने गायन विषय में गोल्ड मेडलिस्ट बनी है। कशिश ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के शैक्षणिक सत्र 2022–23 के अंतर्गत बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट गायन विषय की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए उन्हें ठाकुर जयदेव सिंह स्मृति स्वर्ण पदक एवं मामासाहेब मजूमदार अमृत महोत्सव स्मृति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ द्वारा आयोजित 28 जनवरी को होने वाले दीक्षांत समारोह में प्रदान किया जाएगा।





यह कमला देवी संगीत महाविद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि कशिश ने यह सफलता अपने गुरु डॉ. दीपक बेडेकर के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अर्जित की। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व शैक्षणिक सत्र 2021–22 में भी कमला देवी संगीत महाविद्यालय के तबला विषय के छात्र उज्ज्वल ठाकुर ने विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया था, जिन्हें भी स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। महाविद्यालय परिवार ने दोनों विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा गुरुजनों के सतत प्रयासों की सराहना की है।

### जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल एवं फिलहार्मोनिक फैमिली की सुरमयी शाम

# गाता रहे मेरा दिल...70- 80 के दशक के सदाबहार नगमों से सजी महफिल, मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** सत्यम शिवम सुंदरम...यह सदाबहार नगमा जैसे ही सिंगर धनश्री की मखमली आवाज में पेश किया गया, विमतारा की फिजां सुरमयी हो गई। इसके बाद सुगन ने मिलो न तुम तो...शिखा ने सोलह बरस की बाली उमर....और दीया ने निगाहें मिलाने को...सोनू ने कांटों से खींच के ये आंचल...राजेश सोनी ने ओ महबूबा, ओ महबूबा, रविश ने दिल हुम हुम करे, आकिल ने आने से उनके आए बहार, अमिताभ ने चला जाता हूं किसी के धुन में, हितेश ने दीवानों से मत पूछो, जैसे एक से बढ़कर एक हरदिल अजीज सदाबहार नगमों से महफिल में समां बांध दिया। श्रोता सुरीले नगमों पर मदहोश होकर सुरमयी शाम में डूबते चले गए। मौका था जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल एवं फिलहॉर्मोनिक फैमिली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सुरों की महफिल गाता रहे मेरा दिल नामक संगीत कार्यक्रम का। संगीत संध्या का आयोजन गुरुवार को शांतिनगर स्थित विमतारा भवन में किया गया, जहां अपने पसंदीदा नगमों को सुनने के लिए बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी पहुंचे थे। गाता रहे मेरा दिल के मंच से उभरते हुए प्रतिभाशाली गायक कलाकारों को एक सुनहरा मंच मिला। इसके बाद फिलहार्मोनिक फाउंडर मेंबर राजेश अग्रवाल, अवतार सिंह धंजल एवं आकाश के स्वागत के बाद विधिवत गाता रहे मेरा दिल एक सुरमयी शाम कार्यक्रम की शुरुआत हुई।





### सामूहिक नृत्य व गीतों पर झूमते रहे श्रोता

पीआरओ जेसी प्रियंका कहालिया ने कहा कि इस प्रोग्राम की नींव वर्ष 2002 में रखी गई थी। उस समय 4-5 सदस्यों ने हारमोनियम एवं तबले के साथ इसकी शुरुआत की थी। धीर-धीरे संगीत के साथी जुड़ते गए और अभी तक 24 सदस्य जुड़ चुके हैं। पिछले 15 दिनों से इस कार्यक्रम के लिए अभ्यास किया जा रहा था। कार्यक्रम की विधिवत शुभारंभ कथक कलाकार जेसी दीपाली पांडे द्वारा गणेश वंदना की गई। इसके बाद वामा सदस्यों में दिव्या जैन, राधिका सोनकर एवं पीहू सोनकर के मेलोडियस पुराने गीतों पर सामूहिक नृत्य ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### लकी ड्रॉ के विजेताओं को मिले उपहार

महफिल में 250-300 संगीतप्रेमी श्रोता गायकों को प्रोत्साहित करने उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचलन दीया मूलचंदानी, ऐश्वर्या मिश्रा एवं सुमन दीवान ने किया। दिव्या जैन, दीया मूलचंदानी ने इस कार्यक्रम का निर्देशन किया। जेसीआई वामा कैपिटल की प्रेसिडेंट डॉ. धृति वैभव शर्मा एवं सेक्रेटरी प्रीति अग्रवाल ने अपने कार्यकाल की शुरुआत इस धमाकेदार पीआर प्रोग्राम से की। कार्यक्रम के अंत में लकी ड्रॉ के विजेताओं को ट्रॉली बैग बतौर उपहार प्रदान किए गए।

## धर्म लाइव

# वीर रस की कविताओं से हुंकार भरेंगे हरिओम पवार, हास्य व्यंग्य से गुदगुदाएंगे शंभू शिखर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज का 50वां वार्षिक अधिवेशन 18 जनवरी को बूढ़ातालाब स्थित सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित है। इस वार्षिक अधिवेशन में छत्तीसगढ़ के 22 जिलों की इकाईयों से जुड़े हुए 5000 सदस्य शामिल होंगे। समाज के केंद्रीय अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल ने बताया कि करीब 400 साल पुरानी पूर्वजों द्वारा शुरू की गई परंपरा आज के दौर में भी कायम है। समाज के अधिवेशन में सरोकार से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी। हमारा यही उद्देश्य है कि सामाजिक, सांस्कृतिक समरसता व छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर काम करना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए इस वर्ष हमने छत्तीसगढ़ की सामाजिक समरसता को समर्पित करते हुए देश के नामी कवियों को आमंत्रित करते हुए राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया है।

### सम्मेलन से पहले प्रदेश के विकास पर चर्चा

उन्होंने बताया कि इस कवि सम्मेलन से पहले सबके साथ मिलकर छत्तीसगढ़ के विकास और सामाजिक उन्नति के लिए किस तरह के प्रयास होने चाहिए, इसकों लेकर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे, विशेष अतिथि डिप्टी सीएम विजय शर्मा और अरुण साव समेत पूर्व सीएम भूपेश बघेल, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल प्रमुख रूप से शामिल होंगे। वहीं राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में देवास के कवि डॉ. शशिकांत यादव, मेरठ के वीर रस के कवि डॉ. हरिओम पवार, बिहार के हास्य सम्राट कवि शंभू शिखर, प्रतापगढ़ के पैरोडीकार पार्थ नवीन, छत्तीसगढ़ के गीतकार रमेश विश्वास, आगरा से गीत-गजल गायिका एवं कवियित्री योगिता चौहान और छत्तीसगढ़ के कवि भरत द्विवेदी अपनी रचनाएं पेश करेंगे।

## सिटी लाइव

# छग राजभाषा आयोग द्वारा सम्मानित नई कृति 'कलापरम्परा' का विमोचन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर राजभाषा आयोग छग शासन रायपुर द्वारा सिम्स बिलासपुर में आयोजित नौवां प्रान्तीय सम्मेलन के सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ी साहित्य, भाषा, कला एवं संस्कृति के दीर्घ समर्पण के लिए साधक डॉ. डी.पी.देशमुख को विशिष्ट प्रतिभा सम्मान प्रदान किया गया,यह पुरस्कार मुख्य अतिथि प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ.विनय कुमार पाठक पूर्व अध्यक्ष राजभाषा आयोग, विशिष्ट अतिथि धरम लाल कौशिक विधायक बिल्हा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा, महापौर बिलासपुर पूजा विधानी, डॉ.रमणेश मूर्ति अधिष्ठाता सिम्स, साहित्यकार डॉ.परदेशी राम वर्मा, डॉ.अभिलाषा बेहार सचिव राजभाषा आयोग एवं अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से विभागीय प्रमाण पत्र,स्मृति चिन्ह,श्रीफल आदि भेंट कर दिया गया।

### प्रदेश के पर्यटन एवं तीर्थस्थल पर केंद्रित

इस अवसर पर अतिथियों ने श्री देशमुख को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में ही उपस्थित अतिथियों द्वारा डॉ.डी.पी.देशमुख द्वारा लिखित नवीन कृति कलापरम्परा-छत्तीसगढ़ मा तीरथधाम का विमोचन किया गया। यह पुस्तक प्रदेश के पर्यटन एवं तीर्थस्थल पर केंद्रित है एवं कलापरम्परा का 12वां अंक है।

## समाज इवेंट

# वार्षिकोत्सव से निखरती है प्रतिभाएं उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**रायपुर।** महर्षि दयानंद आर्य उ.मा. विद्यालय मठपारा में रंगारंग वार्षिक उत्सव पुरस्कार वितरण समारोह 2025-26 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर्य शिक्षा समिति के अध्यक्ष विनीत बंसल, उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव, सचिव संतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष सुजीत खरे उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत गायत्री मंत्र के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत, स्वागत गीत द्वारा व पुष्पगुच्छ देकर किया गया। जिसके बाद आर्य शिक्षा समिति के अध्यक्ष विनीत बंसल ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थियों में प्रतिभाएं होती है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से प्रतिभाएं निखरती है और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार के माध्यम से संस्था द्वारा प्रोत्साहित किया जाता है।

### नृत्य के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। नन्हें बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्राथमिक विभाग के बच्चों ने माँ काली के रुप तथा राम भक्ति द्वारा अपने नृत्य के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी। मिडिल और हायर सेकेण्डरी के विद्यार्थियों द्वारा राजस्थान, मराठी व छ.ग. व पंजाबी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रधानपाठिका विजयलक्ष्मी दुबे, तृप्ति चटर्जी सहित शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रेरणा श्रीवास्तव और पूजा साहू द्वारा किया गया।

## नेताजी सुभाष स्टेडियम सहित ज्यादातर स्कूल-कॉलेजों में वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ पर सामूहिक गायन

# देशभक्ति के जज्बे से सजाया मंच, 5 लाख विद्यार्थियों ने क्रांतिकारियों के प्रेरक मंत्र वंदेमातरम का किया गायन

वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ को यादगार बनाने की पहल गुरुवार को नेताजी सुभाष स्टेडियम सहित शहर के प्रमुख स्कूलों और कॉलेजों में की गई। रायपुर लोकसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनने को लेकर स्कूली विद्यार्थियों और कॉलेजों में भी देशभक्ति के जज्बे से मंच सजाने का सिलसिला सुबह से ही चल रहा था। स्टेडियम में सजाए गए मंच पर सांस्कृतिक छटा बिखरी। सांसद बृजमोहन की पहल पर किए गए आयोजन में 10 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वहीं तीन हजार से ज्यादा स्कूलों और कॉलेजों में भी क्रांतिकारियों के प्रेरक मंत्र के रूप में प्रयोग किए गए वंदेमातरम का सामूहिक गायन किया गया।



**रायपुर।** सुभाष स्टेडियम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब उपस्थित रहे। इस अवसर पर दस हजार से अधिक विद्यार्थियों ने प्रत्यक्ष रूप से सहभागिता की, जबकि शेष विद्यार्थियों ने अपने-अपने विद्यालय एवं कॉलेज परिसर में एक साथ सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया। इस प्रकार एक ही समय में कुल पांच लाख से अधिक विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन करते हुए राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने कहा कि युवाओं को वंदे मातरम केवल कंठस्थ ही नहीं, बल्कि उसके भाव और अर्थ को भी समझना चाहिए। यह राष्ट्रीय गीत है, जो देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करता है। वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अगुवाई में पांच लाख विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक गायन करते हुए ऐतिहासिक पहल की गई।

### इनकी मौजूदगी में हुआ आयोजन

सेना दिवस के उपलक्ष्य में सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों डॉ. हीरेंद्र त्रिपाठी, किशोरी लाल, संतोष कुमार, देवेंद्र कुमार एवं योगेश कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में डिग्री गर्ल्स कॉलेज, दानी गर्ल्स स्कूल, संत गोविंदराम शदानी शासकीय कला एवं वाणिज्य कॉलेज, जवाहर नवोदय विद्यालय, छत्तीसगढ़ कॉलेज ऑफ नर्सिंग सहित कई संस्थाओं के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए। इस अवसर पर महापौर मीनल चौबे, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, मेडिकल सर्विसेज के दीपक म्हस्के, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू शामिल हुए।





### सामूहिक गायन करते हुए इतिहास रच दिया

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में वंदेमातरम को केवल एक गीत नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और क्रांतिकारियों का प्रेरक मंत्र है। मातृभूमि की वंदना से सजा यह गीत देशभर में गाया जा रहा है। इसी क्रम में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लगभग 3000 विद्यालयों, कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों में एक साथ पांच लाख से अधिक विद्यार्थियों ने एक समय पर सामूहिक गायन करते हुए इतिहास रच दिया। छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने वंदेमातरम गीत के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वंदेमातरम की रचना बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा 1876 में की गई थी। जब भारत परतंत्र था, इस राष्ट्रीय गीत ने युवाओं में एक ऊर्जा का संचार किया और स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी तथा स्वतंत्रता दिलाई।

### हमें हमारी मातृभूमि का सम्मान करना चाहिए

दिशा कॉलेज में सांस्कृतिक समिति द्वारा वंदे मातरम का सामुहिक गायन सांसद रायपुर लोकसभा क्षेत्र की पहल और पं. रविशंकर शुक्ल



विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में किया गया। वंदेमातरम गायन की शुरुआत उपस्थित मुख्य अतिथि पार्षद दीपमणि साहू एवं प्राचार्य डॉ. एके तिवारी द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित करते हुए की गई। जहां प्राचार्य डॉ. तिवारी ने कहा कि यह हमारी राष्ट्र की वंदना है। मातृभूमि की प्रतिष्ठा में यह आयोजन किया गया है। वंदेमातरम को अपने अंदर जागृत करने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि पार्षद दीपमणि साहू ने कहा कि हमें हमारी मातृभूमि का सम्मान करना चाहिए। बीएड विद्यार्थी राहुल शुक्ला द्वारा वंदेमातरम जैसे पवित्र और गौरवपूर्ण गीत पर संदेश वाचन किया। मंच संचालन पूनम शुक्ला एवं केतकी परमानंद द्वारा किया गया।

### स्कूल में भी समुह में गाया गया वंदेमातरम



संत ज्ञानेश्वर विद्यालय के बच्चों ने भी वंदे मातरम का सामुहिक गायन किया। इसमें लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड के पार्षद और जोन - 10 के अध्यक्ष सचिन मेघानी और प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि सांसद की अपील पर लोकसभा क्षेत्र के 3000 से अधिक स्कूल और कालेजों में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। करीब पांच लाख विद्यार्थी और युवा एक साथ जुटे और हमारे स्कूल में भी बच्चों ने निर्धारित समय पर सामूहिक गायन किया। अतिथियों ने बच्चों से कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का वह उद्घोष, जिसने निहत्थे भारतीयों में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ खड़े होने का साहस दिया था, वह 'वंदेमातरम' आज अपनी रचना के 150वें वर्ष में प्रवेश किया है।

### लगभग 5 लाख लोगों ने एक साथ किया गायन











महाराजा अग्रसेन इंटरनेशलन कॉलेज के ऑडिटोरियम में देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण सामूहिक वंदे मातरम्-गान का आयोजन किया गया। सामूहिक गायन के बाद विविध सांस्कृतिक आयोजनों का सिलसिला चला। कॉलेज के चेयरमेन रमेश अग्रवाल,पूर्व चेयरमेन राजेश अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. जैस्मिन जोशी एवं उप-प्राचार्य डॉ. श्वेता तिवारी के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रहे पार्षद दीपक जायसवाल ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल के नेतृत्व में गुरुवार को एक बजे लगभग 5 लाख लोगों ने एक साथ वन्दे मातरम का गायन किया।

### आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है

छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन द्वारा संचालित विप्र कला,वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा कॉलेज में सामूहिक वंदे मातरम् गायन किया गया। इसमें सभी प्राध्यापकों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साह से हिस्सा लिया। आयोजन का शुभारंभ मां सरस्वती एवं मां भारती की पूजा एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने वंदेमातरम गीत के महत्व पर प्रकाश डाला। यह भाव प्रत्येक विद्यार्थी को आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता



है। इसके बाद बीएड के छात्र द्वारा वंदेमातरम संदेश का वाचन किया गया। डॉ. विवेक शर्मा और रसिका मालवीय ने वंदेमातरम गीत की रचना और स्वतंत्रता संग्राम पर उसके प्रभाव से विद्यार्थियों को अवगत कराया। मंच संचालन रसिका मालवीय ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. आराधना शुक्ला ने किया।

## बिरगांव के बुधवारी बाजार में रहा उत्सव का माहौल

# बाइक रैली और भव्य शोभायात्रा में गूंजा जयघोष मां परमेश्वरी की प्रतिमा का समाज ने किया स्वागत

कार्नर न्यूज


**रायपुर।** बिरगांव में देवांगन कोस्टा समाज द्वारा मां परमेश्वरी का सबसे बड़ा मंदिर बनवाया गया है। इसमें आराध्य देवी की स्थापना से पहले गुरुवार को माता के स्वागत का उत्साह देखने लायक था। बुधवार की रात में ही समाज के युवाओं ने महोत्सव के लिए स्वागत द्वार के साथ तोरन और ध्वज से मुख्य मार्ग को सजाने के साथ ही महोत्सव एवं प्राण- प्रतिष्ठा समारोह स्थल को भी आकर्षक लाइटों से सजा दिया है। दोपहर में बिरगांव से बाइक रैली के रूप में युवाओं ने बूढ़ापारा चौक पहुंचे, वहां से जयपुर से बनवाई गई आराध्य देवी की दिव्य प्रतिमा को साथ लेकर व्यास तालाब चौक पहुंचे। जहां से शाम 7 बजे भव्य शोभायात्रा बुधवारी बाजार तक निकाली गई। इस श्रृंखला में ट्रालों पर सजाई गई आकर्षक झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा के चलते मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना।





### देवांगन समाज में उत्साह का माहौल

*इस आयोजन को लेकर समाज में उत्साह का माहौल बन रहा है। इस संबंध में मां परमेश्वरी मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष टकेश देवांगन एवं युवा देवांगन समाज बिरगांव के अध्यक्ष ईश्वर देवांगन ने बताया कि यह आयोजन भव्य एवं ऐतिहासिक होगा। इसकी तैयारी उत्साह और समर्पण के साथ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी पूरी टीम आयोजन को सफल बनाने में निरंतर जुटी है। सभी श्रद्धालुओं एवं निगम क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति में मुख्य धार्मिक आयोजन एवं स्थापना महोत्सव किया जाएगा। 22 से शुरू होने वाले आयोजन को सफल बनाने का दायित्व युवाओं को दिया गया है।*



### रोड लाइट और डीजे पर गूंजे भक्तिमय गीत

दोपहर दो बजे आराध्य देवी की प्रतिमा आगमन पर भव्य शोभायात्रा निकालने से पहले युवाओं का समुह बाइक रैली का हिस्सा बना। इस महोत्सव का मुख्य आयोजन 22 एवं 23 जनवरी को धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया जाएगा। इसके चलते समाज में हर्ष और उल्लास का माहौल है। मां परमेश्वरी की प्रतिभा के भव्य आगमन से पूर्व बूढ़ातालाब रायपुर से व्यास तालाब चौक बिरगांव तक भव्य बाइक रैली निकाली गई। इसका आयोजन देवांगन कोस्टा समाज बिरगांव की युवा टीम द्वारा किया गया। इसके बाद शाम सात बजे व्यास तालाब चौक से शोभायात्रा निकाली गई। इस आयोजन में विशेष रूप से रोड लाइट, मनमोहक झांकियों के साथ समाज के लोग आयोजन का हिस्सा बनेंगे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सब जूनियर नेशनल रग्बी के लिए छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी हुए रवाना



**रायपुर।** सब-जूनियर बालिका (अंडर-15) नेशनल रग्बी सेवेन्स चैम्पियनशिप 16 और 17 जनवरी को एथलेटिक प्रैक्टिस ग्राऊंड, कलिंगा स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित है। यह चैम्पियनशिप खेल एवं युवा सेवा विभाग, ओडिशा शासन के तत्वाधान में ओडिशा रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित की जा रही है। उक्त प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन से सब-जूनियर बालिका की टीम हिस्सा ले रही है। टीम गुरुवार को भुवनेश्वर (ओडिशा) के लिए रवाना हुई। छत्तीसगढ़ रग्बी टीम में शामिल खिलाड़ियों में नंदिनी निषाद, निशा ध्रुव, जिया खान व प्रियंका (महासमुंद), अंजली (कोरबा), कीर्ति व प्राप्ति (बिलासपुर), शेफाली, साधना (चांपा), आरूषि (दुर्ग) तथा जया व आयशा (रायपुर) जिले से हैं। इनकी कोच-हेमा बंजारे तथा मैनेजर-जी. अविनाश हैं। छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने इस चैंपियनशिप के लिए राज्य की सब-जूनियर बालिका टीम को शुभकामनाएं दी है।

### दुर्ग, बीसीए रायपुर और राजनांदगांव ने जीते अपने मैच



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत गुरुवार को रोमांचक मुकाबला हुए। धमतरी में टीम बीएसपी के विरुद्ध दुर्ग ने 229 रन से जीत हासिल की एवं 6 अंक प्राप्त किया। न्यू ग्राउंड कांकेर टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) ने प्लेट कंबाइंड के विरुद्ध 39 रन से जीत के साथ 6 अंक प्राप्त किए। इसी तरह साइंस कॉलेज राजनंदगांव में टीम रायपुर ब्लू ने कांकेर के विरुद्ध एक पारी एवं 87 रन से जीत के साथ7 अंक हासिल किया। दल्ली राजहरा में टीम राजनंदगांव ने बिलासपुर ब्लू के विरुद्ध 177 रन से जीत के साथ 6 अंक हासिल की।

### डुंगरपुर ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के आदित्य ने बनाए सर्वाधिक 45 रन



**रायपुर।** सेन्ट्रल जोन द्वारा राजसिंह डुंगरपुर अंडर 14 ट्राफी में छत्तीसगढ़ का पहला मैच राजस्थान के विरुद्ध इंदौर में खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 57 ओवरों में 10 विकेट खोकर 213 रन बनाये। राजस्थान की ओर से उत्सव शर्मा ने 47 रन तथा अभिमन्यु चौधरी ने नाबाद 36 रन बनायें। छत्तीसगढ़ की ओर से हर्ष साहु ने 4 विकेट तथा गर्व सचदेव ने 2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 31 ओवरों में 02 विकेट के नुकसानपर 102 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ़ के लिये आदित्य ने सर्वाधिक ने 45 रन तथा युवराज ने 27 रन बनाये। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ 111 रनों से पीछे हैं।

### अंतर विश्वविद्यालय बॉल बैडमिंटन स्पर्धा के लिए एयू की टीम हुई रवाना



**रायपुर।** अंतर विश्वविद्यालय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन, भारतीदसान विश्वविद्यालय के जमाल मोहम्मद कॉलेज, तिरुचिरैपल्ली तमिलनाडु मे 14 से 17 जनवरी तक आयोजित है। जिसमें अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बॉल बैडमिंटन टीम शामिल है। विवि के खिलाड़ियों में भारत मांझी (कप्तान), वसुदेव श्रीवास, मयूर विश्वकर्मा, आयुष डहरिया, देवांशु भानु, रितेश साहू, लोकेश गोयल, ब्रिज लाल सिदार, प्रीतम पटेल, सुरेंद्र सिंह, विनय डहरिया (कोच), साहनी राम चौहान (मैनेजर) शामिल है। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति एडीएन वाजपेयी, कुलसचिव डॉ तार्निश गौतम, स्पोर्ट्स डायरेक्टर डॉ प्रमोद तिवारी आदि सभी ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

तेजी से बढ़ रही है कान से जुड़ी समस्याएं, सचेत रहना जरूरी

# छोटी सी लापरवाही आपको बना सकती है बहरा बच्चों-युवाओं में देखा जा रहा सबसे ज्यादा खतरा

कम सुनाई देने या बहरेपन की समस्या पिछले एक दशक में काफी तेजी से बढ़ती देखी गई है। आश्चर्यजनक रूप से बच्चों-युवाओं में इसका जोखिम तेजी से बढ़ा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर 34 मिलियन (3.4 करोड़) से अधिक बच्चों में बहरेपन या सुनने की क्षमता में कमी देखी गई है, जिनमें से 60% मामले ऐसे हैं जिन्हें रोका जा सकता था।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, 60 वर्ष से अधिक उम्र के लगभग 30% लोगों में सुनने की क्षमता कम होने लगती है, हालांकि जिस प्रकार से कम उम्र के लोगों में इसका जोखिम देखा जा रहा है वह काफी चिंताजनक स्थिति है। बहरेपन की बढ़ती समस्या के लिए विशेषज्ञों ने जिन कारणों को जिम्मेदार पाया है, उनमें बार-बार तेज आवाज के संपर्क में आने से कानों को होने वाली क्षति प्रमुख है। विशेषज्ञ कहते हैं, ईयरफोन-हेडफोन या फिर लाउडस्पीकर-साउंड की तेज आवाज के संपर्क में रहना आपके लिए हानिकारक हो सकता है। युवाओं में ईयरफोन-हेडफोन का इस्तेमाल अधिक देखा जा रहा है जो कानों के लिए गंभीर समस्याकारक हो सकती है।



### ईयरफोन-हेडफोन की तेज ध्वनि नुकसानदायक

अध्ययन की रिपोर्ट से पता चलता है कि ईयरफोन-हेडफोन की ध्वनि जितनी तेज होगी, श्रवण हानि होने का खतरा उतना अधिक हो सकता है। इन उपकरणों का एक्सपोजर जितना लंबा होगा, बहरेपन का जोखिम भी उतना अधिक बढ़ जाता है। इन उपकरणों का इस्तेमाल या तो बहुत कम करें या फिर आवाज को बिल्कुल कम रखें। ध्वनि को डेसीबल (dB) में मापा जाता है, यह जितना अधिक होगा कानों की नाजुक मांसपेशियों को क्षति पहुंचने का खतरा उतना बढ़ जाता है। तेज शोर के कारण आंतरिक कान की मांसपेशियों को नुकसान हो सकता है।

### कितनी तेज आवाज है खतरनाक?

अध्ययनकर्ता मानते हैं कि 30-50 डीबी की आवाज में कुछ समय के लिए इन उपकरणों का इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि जैसे-जैसे ये बढ़ता जाता है, दुष्प्रभाव भी बढ़ने लगते हैं। लंबे समय तक 70 डीबी से ऊपर की आवाज आपकी सुनने की क्षमता को नुकसान पहुंचाना शुरू कर सकती है। 120 डीबी से ऊपर का तेज शोर आपके कानों को तत्काल नुकसान पहुंचा सकता है। हालिया शोध में पाया गया है कि कुछ घंटों तक 80 डीबी तीव्रता वाली आवाज आपको बहरा भी बना सकती है।



### अध्ययन में क्या पता चला?

बीएमजे पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित शोधपत्र में 14 अध्ययनों की समीक्षा की गई, जिसमें कुल मिलाकर 50,000 से अधिक लोग शामिल थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि जो बच्चे लंबे समय तक हेड फोन्स लगाकर गेम खेलते हैं उनमें बहरेपन का जोखिम अधिक देखा गया है।



शोधकर्ता कहते हैं, जिन लोगों ने 80-90 डीबी की तीव्रता में सप्ताह में तीन घंटे से अधिक समय तक आवाज वाले उपकरणों का इस्तेमाल किया उनमें कम सुनाई देने या बहरेपन का जोखिम अधिक था।

### बच्चों को हेडफोन्स के अधिक इस्तेमाल से रोकें

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, श्रवण हानि या टिनिटस जैसी कानों की समस्याओं से बचाव के लिए साउंड या अन्य उपकरणों से निकलने वाली ध्वनि को कम रखें। वॉल्यूम हमेशा 50% से कम ही रखें है। कानों को आराम देने के लिए नियमित ब्रेक लें। यदि आप शोर-शराबे वाले वातावरण में रहते हैं तो नॉइस कैंसिलेशन वाले उपकरणों का प्रयोग करें। वहीं अगर कुछ समय से सुनने में दिक्कत या कानों में दर्द-असहजता बनी हुई है तो समय रहते डॉक्टर से मिलकर जांच जरूर कराएं। बच्चों को हेडफोन्स के अधिक इस्तेमाल से रोकना भी आवश्यक है।

## स्कूल क्रिकेट में एमजीएम चैम्पियन



**भिलाई।** भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) द्वारा आयोजित अंतर शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के गुरुवार को फाइनल मैच का रोमांच छाया रहा। सी-3 ग्राउंड हुडको में टीम एमजीएम सेक्टर 6 विरुद्ध श्री शंकराचार्य विद्यालय हुडको का मैच हुआ। जिसमें एमजीएम सेक्टर-6 ने 20 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ़ द मैच आयुष्मान तिवारी रहे। बल्लेबाजी में एमजीएम ने 9 विकेट पर 196 रन बनाए। जिसमें सार्थक ने 63 रन, आयुष्मान तिवारी ने 52 रन, श्रेयांश सिंह ने 17 रन और आयुष प्रसाद ने 15 रन बनाएं। गेंदबाजी में शंकराचार्य विद्यालय के विधान ने तीन विकेट सोहम सिंह एवं आदित्य कनौजिया ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में श्री शंकराचार्य विद्यालय हुडको की टीम 176 रन पर आउट हो गई। जिसमें आदित्य कनौजिया ने 50 रन, खेम साहू ने 40 और सोहम सिंह ने 31 रन बनाए। गेंदबाजी में एमजीएम के शुभम, लक्ष्य पारख एवं आयुष्मान तिवारी ने दो-दो विकेट लिए। मैच के अंपायर मोहम्मद दाऊद अंसारी एवं हरिशंकर यादव, स्कोरर पल्लवी वर्मा एवं श्रेया पांडे थे। फाइनल मैच एवं पारितोषिक वितरण के मुख्य अतिथि पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी राजेश चौहान ने विजेता, उपविजेता टीम एवं प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के बेस्ट बैट्समैन आदित्य कनौजिया, बेस्ट बॉलर लक्ष्य पारख, बेस्ट फील्डर प्रशांत, बेस्ट विकेट कीपर अमिताभ सिंह एवं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट सोहम सिंह रहे। इस दौरान बीसीए के सचिव भास्कर गोस्वामी ने सफल आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रोफेसर अमिताभ दत्ता, पी गोपाल राव, योगेश शाह, मोहम्मद तसलीम, एन अभिलाष, जी प्रेमनाथ, विक्रम दुबे, समीर शर्मा, बृजेश पांडे, वेंकटरमन, सुनील कुमार डड़सेना और विजश कनौजिया उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अभय सुधाकर मोहरिल ने किया। इस अवसर पर भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी एवं कोषाध्यक्ष यशजीत सिंह एवं टीएस राव भी उपस्थित थे। विजेता टीम के कोच मुकेश श्रीवास्तव है। इसके पूर्व प्रतियोगिता के फाइनल मैच का शुभारंभ एनआईएस एवं वरिष्ठ कोच पूरन शर्मा ने किया।

■ शंकराचार्य हुडको के विरुद्ध 20 रन से जीत

## खौलती हुई चाय पीने से बचें, हैं कई खतरे



तेज गर्म चाय या कॉफी पीने की आदत सेहत के लिए हानिकारक हो सकती है। डॉ. मनदीप सिंह के अनुसार, 65 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान वाले ड्रिंक मुंह, गले और भोजन नली को जला सकते हैं। यह बार-बार होने वाली डैमेज डीएनए को नुकसान पहुंचाकर भोजन नली के कैंसर का खतरा बढ़ा सकती है। कैंसर का खतरा कम करने के लिए चााय को थोड़ा ठंडा करके पीने की सलाह दी जाती है। डॉक्टरों के अनुसार, चाय या कॉफी में मौजूद तत्व कैंसर का कारण नहीं बनते। असली खतरा इनके ज्यादा तेज गर्म तापमान से होता है। जब कोई व्यक्ति लंबे समय तक बहुत गर्म पेय पीता है, तब इससे शरीर के संवेदनशील हिस्सों को नुकसान पहुंच सकता है।

### 65 डिग्री से ज्यादा गर्म ड्रिंक क्यों हैं खतरनाक?

डॉक्टर मनदीप सिंह बताते हैं कि यदि कोई व्यक्ति 65 डिग्री सेल्सियस या इससे ज्यादा तापमान वाला ड्रिंक बार-बार पीता है, तो इससे मुंह, गले और भोजन नली की अंदरूनी परत जल सकती है। बार-बार होने वाली यह जलन सूजन और छोटे घावों का रूप ले लेती है, जो आगे चलकर प्री-कैंसरस बदलावों का कारण बन सकती है।

### शोध क्या कहते हैं? कैंसर से जुड़ा बढ़ता खतरा

कई अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट्स में यह सामने आया है कि रेगुलर तेज गर्म चाय पीने से भोजन नली (इसोफेगस) के कैंसर के खतरे को बढ़ा सकता है।



## अपने शानदार खेल की बदौलत लक्ष्य पहुंचे क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली।** यहां जारी योनेक्स-सनराइज़ इंडिया ओपन 2026 में लक्ष्य सेन ने केंटा निशिमोटो को सीधे गेमों में हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। पूर्व चैंपियन लक्ष्य सेन ने अपनी मजबूत रक्षा और रफ्तार में समय पर किए गए बदलावों की बदौलत जापान के केंटा निशिमोटो को सीधे गेमों में शिकस्त दी, जबकि किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणॉय के जुझारू प्रदर्शन के बावजूद उनका सफर दूसरे दौर में समाप्त हो गया। यह मुकाबले योनक्स-सनराइज़ इंडिया ओपन 2026, एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750 टूर्नामेंट के अंतर्गत खेले गए, जिसका आयोजन बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम नई दिल्ली में किया जा रहा है।

■ श्रीकांत और प्रणॉय का संघर्षपूर्ण अभियान दूसरे दौर में समाप्त

लक्ष्य सेन ने निशिमोटो को 21-19, 21-11 से पराजित कर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले श्रीकांत को फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव (जो बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के विजेता हैं) के खिलाफ 21-14, 17-21, 21-17 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि प्रणॉय आठवीं वरीयता प्राप्त सिंगापुर के लोह कीन यू से कड़े मुकाबले में 18-21, 21-19, 21-14 से हार गए।

महिला एकल में भी भारत की चुनौती समाप्त हो गई, जहां चीन की पांचवीं वरीयता प्राप्त हान यूए ने मालविका बंसोड़ को 21-18, 21-15 से हराया।

पहले गेम की शुरुआत में लक्ष्य सेन को निशिमोटो के खिलाफ लय पकड़ने में परेशानी हुई। भारतीय खिलाड़ी अपने शॉट्स की लंबाई को लेकर संघर्ष कर रहे थे। इंडियन ऑयल के कर्मचारी लक्ष्य पहले गेम में 11-16 और फिर 14-18 से पिछड़ गए थे, लेकिन उन्होंने लंबे रैलियों में अपने प्रतिद्वंद्वी को उलझाए रखा और शानदार रक्षात्मक शॉट्स के जरिए निशिमोटो के स्मैश को लौटाते हुए जोरदार वापसी की। लक्ष्य ने लगातार पांच अंक हासिल कर बढ़त बनाई और पहले ही अवसर पर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में लक्ष्य कहीं अधिक आक्रामक और सटीक नजर आए। उन्होंने रफ्तार में बदलाव किया और मौका मिलते ही निर्णायक शॉट्स लगाए। आत्मविश्वास बढ़ने के साथ 24 वर्षीय खिलाड़ी ने हाफ स्मैश और चतुर ड्रॉप शॉट्स का बेहतरीन मिश्रण किया, जिससे उनका प्रतिद्वंद्वी असमंजस में रहा। लक्ष्य ने 50 मिनट में मुकाबला जीतकर क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

लक्ष्य ने कहा,“पहले गेम की शुरुआत में मेरी लय ठीक नहीं थी और मैं शटल को छोटा उठा रहा था, जिससे उसे ज्यादा आक्रमण करने का मौका मिल रहा था। बाद में मैंने शटल को लंबा उठाना शुरू किया और अपनी डिफेंस पर ध्यान दिया, और मुझे लगता है कि इससे पहला गेम मेरे पक्ष में गया।”लक्ष्य का अगला मुकाबला चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से होगा, जिन्होंने आयरलैंड के न्यात गुयेन को 21-16, 21-17 से हराया। लक्ष्य ने आगे कहा, ““दूसरे गेम में मुझे पता था कि अगर मैं उसे उसका खेल खेलने का मौका दूंगा तो मुश्किल होगी, इसलिए मैंने अपनी गति में बदलाव किया और यह रणनीति कारगर रही।”

दिन के अन्य मुकाबलों में प्रणॉय ने लोह कीन यू के खिलाफ पहला गेम जीता और दूसरे गेम में तीन गेम पॉइंट बचाते हुए उलटफेर के करीब पहुंच गए। हालांकि, पूर्व विश्व चैंपियन लोह ने निर्णायक गेम में मैच की रफ्तार बढ़ा दी, जिसे भारतीय खिलाड़ी रणनीतिक रूप से संभाल नहीं सके। इससे पहले, श्रीकांत ने भी पोपोव के खिलाफ अपने आक्रामक खेल की झलक दिखाई, लेकिन फ्रांस के पहले वर्ल्ड टूर फाइनल्स पुरुष एकल चैंपियन की चुनौती को पार नहीं कर सके।

महत्वपूर्ण परिणाम में पुरुष एकल में लक्ष्य सेन (भारत) ने केंटा निशिमोटो (जापान) को 21-19, 21-10 से हराया। क्रिस्टो पोपोव (फ्रांस) ने किदांबी श्रीकांत (भारत) को 21-14, 17-21, 21-17 से हराया। जोनाथन क्रिस्टी (इंडोनेशिया) ने युशी तनाका (जापान) को 21-15, 21-19 से हराया। लोह कीन यू (सिंगापुर) ने एचएस प्रणॉय (भारत) को 18-21, 21-19, 21-14 से हराया।कुनलावुत वितिदसार्न (थाईलैंड) ने लू गुआंग जू (चीन) को 21-14, 21-16 से हराया।











## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'एवेंजर्स-डूम्स डे' का नया टीजर रिलीज, सुपरहीरोज आए साथ



'एवेंजर्सः डूम्स डे' के पहले टीजर में 'कैप्टन अमेरिका' की वापसी की ऑफिशियल अनाउंसमेंट हुई। अब जो टीजर रिलीज हो रहे हैं, उसमें मार्वल स्टूडियो के कई सुपरहीरोज की एंट्री भी 'एवेंजर्सः डूम्स डे' में हो रही है। हालिया रिलीज एक टीजर में वकांडा और फैंटास्टिक फोर के सुपरहीरोज की एंट्री हुई। 'एवेंजर्सः डूम्स डे' फिल्म बड़े स्तर पर बनाई जा रही है। एक तरफ इस फिल्म में कैप्टन अमेरिका (क्रिस इंवास) की वापसी हुई है। वहीं मार्वल स्टूडियो के कई सुपरहीरोज इस फिल्म का हिस्सा बन रहे हैं। इस बात को लेकर फैन काफी एक्साइटेड हैं। रिलीज टीजर में वकांडा और फैंटास्टिक फोर के सुपरहीरोज की एंट्री हुई।

'एवेंजर्सः डूम्स डे' का जो टीजर रिलीज हुआ है, उसमें फैंटास्टिक फोर का एक सुपरहीरो, वकांडा के इलाके में पहुंचता है। वहां वकांडा के वासियों से मुलाकात करता है। इसके बाद यह लोग एक टीम की तरह साथ आते हैं। 'एवेंजर्सः डूम्स डे' का एक टीजर पहले भी रिलीज हुआ, जिसमें एक्स मैन फिल्म के जेवियर और मैग्नेटो की भी एंट्री हुई। 'एवेंजर्सः डूम्स डे' को रिलीज होने में अभी समय है। यह फिल्म 18 दिसंबर, 2026 को रिलीज होगी। यह रिलीज डेट भी मेकर्स ने टीजर के साथ शेयर की है। मार्वल फैंस को इस फिल्म का इंतजार है। फिल्म के टीजर को लेकर ही सोशल मीडिया पर अच्छा-खासा क्रेज देखा जा रहा है।

### टॉलीवुड

## बिना इजाजत कमल हासन के नाम और तस्वीरों का इस्तेमाल रोका कोर्ट ने



अभिनेता कमल हासन के नाम और तस्वीरों का इस्तेमाल उनकी अनमुति के बिना नहीं किया जा सकेगा। खासतौर से कमर्शियल मकसद के लिए ऐसा करने वालों को सावधान रहना होगा। मद्रास हाई कोर्ट ने यह रोक लगाई है। एक्टर कमल हासन ने कोर्ट में एक सिविल केस दायर किया था, जिसमें कहा गया था कि चेन्नई की एक फर्म 'नीये विदई' बिना उनकी इजाजत के उनकी फोटो, नाम, टाइटल 'उलगनायगन' और उनके मशहूर डायलॉग का इस्तेमाल करके टी-शर्ट और शर्ट बेच रही है। यह मामला जब जस्टिस सेंथिलकुमार राममूर्ति के सामने आया, तो एक्टर की तरफ से सीनियर वकील सतीश पारसरन और एडवोकेट विजयन सुब्रमण्यम ने पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए दलील दी। उन्होंने किसी भी संस्था को एक्टर की सहमति के बिना उनके नाम, तस्वीर, टाइटल या डायलॉग का इस्तेमाल करने से रोकने की गुजारिश की।

कमल हासन के वकील की तरफ से पेश की गईं इन दलीलों को मानते हुए जज ने कमल हासन के नाम और पहचान के बिना इजाजत के कमर्शियल इस्तेमाल के खिलाफ अंतरिम रोक लगा दी। कोर्ट ने 'नीये विदई' को काउंटर-एफिडेविट दाखिल करने का निर्देश दिया और सुनवाई फरवरी तक के लिए टाल दी। खास बात यह है कि जज ने आदेश में साफ किया कि कार्टून में एक्टर की फोटो के इस्तेमाल पर कोई रोक नहीं है। दरअसल, याचिका में किसी भी बिना इजाजत वाली तीसरी पार्टी को उनके नाम या फोटो का इस्तेमाल करने से रोकने की मांग की गई थी, इसलिए कोर्ट ने वादी को इस न्यायिक आदेश के बारे में तमिल और अंग्रेजी दोनों अखबारों में विज्ञापन प्रकाशित करने का निर्देश दिया।

### भोजपुरी

## 'परिणय सूत्र' के बाल कलाकार में दर्शक देख रहे भविष्य की संभावनाएं

उत्तर प्रदेश की देवभूमि कही जाने वाली जौनपुर के शीतला



चौकिया धाम से लगभग 3 किमी मीटर दूर स्थित ग्राम उत्तरगांव इन दिनों चर्चा में है। यहां का नन्हा बाल कलाकार ढोलू यादव आज भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी एक अलग और मजबूत पहचान बना चुका है। कम उम्र में ढोलू ने बड़ी सफलता हासिल की है। हाल ही में ढोलू यादव की धार्मिक फिल्म ".परिणय सूत्र" रिलीज़ हुई है, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। फिल्म की कहानी, संदेश और ढोलू यादव का प्रभावशाली अभिनय लोगों के दिलों को छू रहा है। इस फिल्म के निर्देशक भोजपुरी इंडस्ट्री के जाने-माने नाम मंजुल ठाकुर हैं, जिनके निर्देशन में ढोलू यादव का अभिनय और भी निखर कर सामने आया है।


ढोलू यादव ने कम उम्र में ही दशकों के बीच अपनी खास पहचान बना ली है। आने वाले समय में भोजपुरी सिनेमा में उनकी दमदार मौजूदगी की संभावनाएं हैं।

### ट्रांसफॉर्मेटिव टील का जादू

कलर इंस्टीट्यूट डब्ल्यूजीएसएन और कलरो ने 'ट्रांसफॉर्मेटिव टील' को साल 2026 का कलर ऑफ द ईयर घोषित किया है। इन दोनों के अनुसार, ट्रांसफॉर्मेटिव टील नीले और हरे रंग का एक फ्लूइड फ्यूजन है, जो प्रकृति की विविधता और पृथ्वी-केंद्रित सोच को दिखाता है, और जलवायु संकट को देखते हुए इकोलॉजिकल जिम्मेदारी की बढ़ती मांग के साथ मेल खाता है। इस नीले-हरे रंग को शांत करने वाला और सुकून देने वाला बताया गया है, जिसमें बदलने वाला और नया जीवन देने वाला गुण है।




## मेडिफेशियल चमकाएगा आपकी स्किन, ऐसे अपनाएं



मेडी फेशियल में एडवांस लेजर, लाइट डिवाइस, एक्सफोलिएशन तकनीक और वॉटर जेट का प्रयोग किया जाता है। इससे डेड स्किन सेल्स आसानी से साफ होते हैं और चेहरे पर चमक आती है। खास बात यह कि मेडी फेशियल को विशेषज्ञ की निगरानी में किया जाता है और त्वचा की समस्या को देखकर उसके मुताबिक इसमें उपचार पद्धति अपनाई जाती है। बेहतर स्किन केयर के साथ इसको अपनाया जाए तो इस के बेहतर नतीजे हासिल होते हैं।

### आम फेशियल से कितना अलग



सैलून के सामान्य फेशियल में आमतौर पर स्टीम और ब्लीच का प्रयोग किया जाता है। ऐसे में त्वचा को हानि पहुंचने की आशंका बनी रहती है। इससे स्किन बैरियर भी डैमेज हो सकते हैं, साथ ही जिन क्रीम से स्किन की मसाज की जाती है, वे भी पोर्स के ब्लॉक होने का कारण बन सकती हैं। सैलून फेशियल कुछ समय तक ही टिक पाता है।

### साइड इफेक्ट नहीं



मेडी फेशियल में स्टीम और ब्लीच जैसी हार्ड क्रीम का उपयोग नहीं किया जाता, बल्कि ऐसी तकनीक प्रयोग में लाई जाती है, जो त्वचा के लिए किसी भी रूप में हानिकारक न हो। यह स्किन टोन और टेक्सचर को इंप्रूव करने में मदद करता है और तुरंत ब्राइट स्किन देता है। इससे एक्ने, फाइन लाइंस और पिगमेंटेशन जैसी समस्याएं भी दूर की जाती हैं, साथ ही त्वचा संबंधी स्थायी समस्याओं को भी दूर किया जा सकता है।

### उपचार पद्धति

मेडी फेशियल में लेजर फेशियल भी शामिल है, जो काफी एडवांस तकनीक है। स्टेम सेल फेशियल भी मेडी फेशियल का ही हिस्सा है। यह फेशियल फाइन लाइंस और झुर्रियों से बचने के लिए किया जाता है, जिससे त्वचा अधिक साफ हो जाती है।

### कई समस्याओं में कारगर

मेडी फेशियल ड्राई और लूज स्किन जैसी कई समस्याओं के उपचार में कारगर है। इसे कराने से त्वचा जवान, चमकदार, मुलायम और कोमल हो जाती है। यह तनाव कम करने में भी सहायक है। त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार मीना कहती हैं, मेडी फेशियल त्वचा रोग विशेषज्ञ की देखरेख में किया जाना चाहिए।

## वैक्सिंग से पहले पुरुष जरूर ध्यान दें इन टिप्स पर

वैक्स करवाने से पहले अपनी स्किन को इसके लिए तैयार करें और यह पुरुषों और महिलाओं दोनों पर लागू होता है। आपकी स्किन को एक्सफोलिएट करने से आपकी स्किन की सतह से डेड स्किन सेल्स और अतिरिक्त तेल को हटाने में मदद मिलती है, जिससे त्वचा मुलायम और चिकनी हो जाती है। आप जिस पार्ट में वैक्स कराना चाहते हैं, उस पार्ट को एक्सफोलिएट करने के लिए आप बाजार से खरीदे गए या नैचुरल स्क्रब का उपयोग कर सकते हैं। वैक्सिंग सेशन से कम से कम दो दिन पहले यह काम सुनिश्चित कर लें। यह आपकी त्वचा को कुछ घंटों के लिए थोड़ा संवेदनशील बना सकता है। लूफ़ैण का उपयोग करने से भी स्किन को वैक्सिंग के लिए तैयार करने में मदद मिल सकती है। यदि आपकी स्किन बेहद संवेदनशील है, तो बालों को हटाने के लिए वैक्सिंग सबसे अच्छा तरीका नहीं है। वैक्सिंग शरीर के बालों को हटाने का एक रफ तरीका हो सकता है, इसलिए अगर आपकी स्किन संवेदनशील है, तो दो बार सोचें। रिएक्टिव स्किन पर वैक्सिंग करवाने से आपकी त्वचा पर लाल धब्बे या अन्य लक्षण हो सकते हैं। वैक्स करवाने का निर्णय लेने से पहले आप अपने स्किन एक्सपर्ट से बात कर सकते हैं। आइस या कोल्ड पैक वैक्सिंग के दौरान दर्द को कम कर सकते हैं। वैक्सिंग के दौरान बर्फ, स्ट्रिपिंग से पहले आपकी स्किन को ठंडा और सूथिंग करने में मदद करती है। यह आपकी त्वचा पर लाल चकतों, खुजली और जलन को रोकने में भी मदद करेगा। एलोवेरा जेल भी इस काम को पूरा कर सकता है।

हम सब जानते हैं कि हेयर कलर करने से पहले उसके परिणामों को देखने या किसी भी रिएक्शन से बचने के लिए कलर को बालों के एक



पैच पर लगाया जाता है। इसी तरह, आप अपनी स्किन पर वैक्सिंग का परीक्षण भी कर सकते हैं। सही वैक्स चुनें और देखें कि आपकी स्किन इस पर कैसी प्रतिक्रिया होती है। फुल बॉडी वैक्स करवाने से पहले, अपनी त्वचा के एक छोटे से हिस्से पर टेस्ट करें। अगर कोई एलर्जी है, तो बालों को हटाने के इस तरीके से बचें और दूसरा विकल्प चुनें।

अपनी बॉडी पर किसी भी प्रकार का वैक्स का उपयोग न करें। एक हाई क्वालिटी वाला वैक्स चुनें। वैक्स के कई अलग-अलग प्रकार होते हैं। आप सुनिश्चित करें कि आपने सही वैक्स चुना है। यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप कितने बालों वाले हैं। उदाहरण के लिए, पतले बालों के लिए माइल्ड वैक्स की आवश्यकता होती है, जबकि मोटे बालों वाले लोगों को स्ट्रांग वैक्स की आवश्यकता होती है।

## रूटीन में शामिल करें खुबानी का तेल, मिलेंगे बड़े फायदे



स्किन केयर रूटीन में तेल का इस्तेमाल करना बेहद आम है। अमूमन हम कई तरह के तेलों को अपने स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बनाते हैं। लेकिन अगर आप एक लाइट ऑयल की मदद से अपनी स्किन की देखभाल करना चाहती हैं तो ऐसे में खुबानी के तेल को इस्तेमाल किया जा सकता है। सबसे पहले अपना चेहरा धो लो। अब अपने खुबानी के तेल की 2-3 बूंदों को स्किन पर लगाएं और सर्कुलर मोशन में मसाज करें। इसे रात भर के लिए छोड़ दें। आप हर दिन इसे रात को सोने से पहले लगाएं। स्किन की केयर करने के लिए बाजार से फेस सीरम लाने की जरूरत नहीं है। आप खुबानी के तेल को बतौर फेस सीरम अप्लाई करें।

फेस सीरम बनाने के लिए सबसे पहले खुबानी का तेल व लैवेंडर ऑयल मिक्स करें। अब इसे अपनी स्किन प्रॉब्लम्स जैसे फाइन लाइन्स, अनइवन स्किन टोन आदि को दूर करने के लिए फेस पर लगाएं। हल्के हाथों से स्किन की मसाज करें। अपनी स्किन को पैम्पर करने के लिए आप खुबानी के तेल की मदद से फेस मास्क बना सकती हैं।

## किसी भी मौके पर रीक्रिएट कर सकती हैं सेलेब्रिटीज के ये व्हाइट साड़ी लुक्स

साड़ी को स्टाइल करने के लिए आपको केवल लेटेस्ट फैशन ट्रेंड ही नहीं, बल्कि इसके कलर कॉम्बिनेशन का भी खास ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप सेलेब्स के लुक्स देखें। साड़ी का चलन एवरग्रीन फैशन ट्रेंड में रहता है और इसे स्टाइलिश लुक देने के कई तरीके भी होते हैं। वहीं बदलते दौर में आजकल किसी भी लुक को खास बनाने के लिए इसकी स्टाइलिंग काफी सोच-समझकर करनी चाहिए ताकि आप तैयार होने के बाद खूबसूरत नजर आए। आजकल सेलिब्रिटीज व्हाइट कलर की साड़ी लुक्स को काफी पसंद कर रहे हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं व्हाइट कलर के साड़ी के कुछ खास सेलिब्रिटीज लुक्स जिन्हें आप भी कर सकती हैं आसानी से रीक्रिएट। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।

### व्हाइट साटन साड़ी डिजाइन

साटन साड़ी ग्लैमरस लुक देने में मदद करती है। इस तरह की साड़ी प्लेन साड़ी में आप सिल्वर कलर की बॉर्डर की तरह लेस भी लगवा सकती हैं। इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन किया गया है।



### हैंडलूम व्हाइट साड़ी

ट्रेडिशनल वाइब देती यह साड़ी डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई है। गोल्डन कलर के बॉर्डर वर्क और पेस्टल कलर कॉम्बिनेशन के डिजाइन वाली यह साड़ी आपके लुक को खास बनाने में मदद करेगी। इस तरह की साड़ी के साथ आप शैम्पेन गोल्डन कलर की ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं।

**कार्नर न्यूज**

### आपकी गलतियों से लोगों को मौका मिल सकता है नुक्स निकालने का

## मेंस फैशन में आज सर चढ़ कर बोल रहा ज्वेलरी का शौक, तारीफ चाहिए लोगों की तो न करें ऐसी गलतियां

आप ज्वेलरी कम ही पहनते हैं। कभी चेन या फिर अंगूठी। लेकिन कई पुरुष ऐसे हैं जो अब ज्वेलरी पहनना पसंद करते हैं। उन्हें कान में इयररिंग भी चाहिए और हाथ में ब्रेसलेट भी। लेकिन जब भी ज्वेलरी पहनने का मन करे तो कुछ बातें याद रखिएगा। ये वो बातें हैं जो खूब सारी ज्वेलरी में भी आपका मेस्क्युलिन लुक मेनटेन रखेंगी। बस जब भी ज्वेलरी में लुक को परफेक्ट नंबर चाहिए हों तो इन्हें न भूलिए।

आपको भी ज्वेलरी पहनना पसंद है? लेकिन लोग क्या कहेंगे? सोचते रहते हैं तो आप गलत कर रहे हैं। आपको बस कुछ टिप्स याद रखने हैं फिर आप आसानी से ज्वेलरी वाला लुक अपना सकते हैं।

ज्यादातर भारतीयों का आज भी यही मानना है कि पुरुष ज्वेलरी नहीं पहनते हैं। जबकि अब वो समय है जब फैशन के नियम भी लोग खुद बना रहे हैं।

ऐसे में पुरुष ज्वेलरी नहीं पहनते हैं सोच कर ये प्लान न ड्रॉप कीजिए बल्कि मन के हिसाब से ज्वेलरी पहनिए लेकिन पूरे आत्मविश्वास के



साथ। ये आत्मविश्वास पाने का एक तरीका ये भी है कि आप स्टोर पर जाकर ज्वेलरी ट्राई करें। पहनकर खुद को देखें और अपनी पार्टनर से भी व्यू लें। इस तरह से ज्वेलरी पहनने का आत्मविश्वास आ जाएगा। बस शुरू में ज्वेलरी लुक को बिलकुल सिंपल रखें। आपको ये पता होना चाहिए कि कितनी ज्वेलरी को ज्यादा ज्वेलरी कहा जाएगा। इसलिए ज्वेलरी उतनी पहनिए, जितनी 'ज्यादा हो गया' वाले मामले में न आती हो। क्योंकि याद रखिए कि ज्वेलरी भले ही आप सबसे आखिर में पहनते हैं लेकिन ये वो सबसे पहली चीज होती है जिस पर निगाहें जाती हैं।

इसलिए इतनी भी न पहन लीजिए कि लोग ज्वेलरी से ही नजर न हटा पाएं फिर आपके बाकी लुक का क्या होगा। हर चीज बैलेंस ही अच्छी लगती है, ये बात तो सब समझते हैं लेकिन हर काम को बैलेंस करना आसान नहीं होता है। मगर ज्वेलरी और लुक को आसानी से बैलेंस किया जा सकता है। आपको अपने पूरे लुक के हिसाब से ज्वेलरी पहननी होगी। ऐसा न हो कि आप सिर्फ गले पर ही खूब सारी चेन पहन लें। इस तरह से लुक बैलेंस नहीं होगा।

इसके अलावा अगर आपको छोटे डायल की घड़ियां पसंद हैं तो दूसरे हाथ में बिलकुल भारी ब्रेसलेट कभी भी न पहनें। आपकी स्किन टोन कैसी है? बेस्ट लुक के लिए ज्वेलरी इसके हिसाब से भी चुनी जा सकती है। दरअसल हमारी स्किन किसी खास कपड़ों और मेटल में ही ज्यादा अच्छी लगती है। इसके लिए आपको तरह-तरह के मेटल ट्राई करने होंगे। ज्वेलरी चुनने के लिए आप ये तरीका अपना सकते हैं।ज्यादातर बार पुरुष इसलिए भी ज्वेलरी पहनने का शौक पूरा नहीं करते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि ये महिलाओं के लिए ही होती हैं।

जबकि ज्वेलरी पर सिर्फ महिलाओं का अधिकार बिलकुल नहीं है। ज्वेलरी का सही तरीके से चुनाव आपको खराब बिलकुल नहीं लगने देगा। याद रखिए ज्वेलरी जहां आउटफिट और स्किन टोन को ध्यान में रखकर पहनी जाती है, वहीं इसको पहनने के लिए बॉडी टाइप का भी ध्यान रखना होता है।

